सुविचार
तुम अपने मिनटों का ध्यान रखो, घंटे अपनी परवाह खुद कर लेंगे
" अर्ल ऑफ चेस्टरफील्ड "

# दैनिक रेवांचल टाइम्स

निष्पक्ष, निर्भीक एवं सत्य का प्रवर्तक

Revanchal Times
7509202320
@revanchal_times
revanchaljabalpur@gmail.com
revanchaltimes_

■ वर्ष 3 ■ अंक 65 ■ जबलपुर, शनिवार 28 फरवरी 2026 ■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य, 01 रुपये ■ RNI. Reg. No MPHIN/2023/90965


## न्यूज ब्रीफ

### होली से पहले मिलेगी सैलरी, योगी ने अधिकारियों को दिए निर्देश

**लखनऊ।** होली पर्व को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि नियमित कर्मचारियों सहित आउटसोर्सिंग, संविदा और सफाईकर्मियों का वेतन होली से पूर्व हर हाल में जारी किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा है कि भुगतान में किसी प्रकार की लापरवाही या देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि सभी विभाग अपने स्तर से वेतन वितरण की प्रक्रिया तत्काल पूरी करें, ताकि कर्मचारियों को त्योहार के दौरान किसी प्रकार की आर्थिक असुविधा का सामना न करना पड़े। शासन ने शनिवार, 28 फरवरी 2026 को कार्यदिवस घोषित किया है। वहीं कर्मचारियों को 3 मार्च 2026 का अतिरिक्त अवकाश दिया जाएगा। होली पर्व के अवसर पर 2, 3 और 4 मार्च को सार्वजनिक अवकाश रहेगा। सरकार के इस निर्णय को कर्मचारियों के हित में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है, जिससे त्योहार से पहले उन्हें समय पर वेतन मिल सकेगा।

### केरल चुनाव 2026, अबकी बार गठबंधन नहीं

तिरुवनंतपुरम। केरल विधानसभा चुनाव महज दो-तीन महीने दूर है। लोगों ने चर्चा है कि क्या पिनराई विजयन के नेतृत्व वाला वाम मोर्चा तीसरी बार सत्ता में लौटकर इतिहास रचेगा या कांग्रेस नीत यूडीएफ को नेतृत्व की स्पष्टता और जमीनी सक्रियता का फायदा मिलेगा? नगर निकाय चुनाव में कई शहरी वार्डों में वोट शेयर बढ़ाने वाली भाजपा क्या असर डालेगी? पिनाराई विजयन की मौजूदा सरकार कल्याण योजना, इंफ्रा और संकट प्रबंधन जैसे काम गिना रही है। विपक्ष जवाबदेही और पारदर्शिता की बात कर रहा है।

### इंदौर में जहरीली गैस फैली, 5 की तबीयत बिगड़ी

इंदौर। इंदौर के रावजी बाजार थाना क्षेत्र में गुरुवार रात अमोनिया गैस के रिसाव से इलाके में हड़कंप मच गया। गैस के असर से कुछ लोगों को सांस लेने में दिक्कत हुई, जिसके बाद दो महिलाओं समेत पांच लोगों को एहतियातन अस्पताल भेजा गया। प्रशासन के मुताबिक सभी की हालत स्थिर है और कोई भी गंभीर नहीं है। सीएमएचओ डॉक्टर माधव हसनी ने बताया कि पांचों की हालत ठीक है। डीसीपी आनंद कालादगी ने बताया कि ककतपुरा पुल के नीचे शहजाद नाम के एक कबाड़ी द्वारा सिलेंडर काटा जा रहा था। इसी दौरान उसमें से अमोनिया गैस का रिसाव शुरू हो गया।

# दिल्ली शराब नीति केस, केजरीवाल-सिसोदिया बरी

## कोर्ट बोला- CBI ने साजिश की कहानी गढ़ी; फैसले पर केजरीवाल रोते हुए बोले- जिंदगीभर ईमानदारी कमाई

नई दिल्ली। शराब घोटाला केस में दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को उइककेस में बरी कर दिया है। कोर्ट ने शुक्रवार को कहा- दोनों के खिलाफ सबूत नहीं है, आरोप साबित नहीं होता। उइक ने साजिश की रचने की कोशिश की, लेकिन उसका सिद्धांत ठोस सबूतों की जगह अनुमान पर था। इस मामले में उइक ने कुल 23 लोगों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। स्पेशल जज जितेंद्र सिंह ने सभी के खिलाफ आरोप तय करने से इनकार करते हुए सभी को बरी कर दिया। बरी होने के बाद कोर्ट से बाहर मीडिया से बातचीत के दौरान केजरीवाल भावुक हो गए। उन्होंने कहा- मैंने जिंदगी में सिर्फ ईमानदारी कमाई है। इन्होंने झूठा केस लगाया। आज ये साबित हो गया कि केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और आम आदमी पार्टी कट्टर ईमानदार हैं। वहीं, कोर्ट के फैसले पर मनीष सिसोदिया ने कहा- हमें एक बार फिर गर्व हो रहा हैं अपने संविधान पर और






बी.आर. अंबेडकर पर, जिन्होंने हमें ऐसा संविधान दिया। सच की फिर से जीत हुई है।

**सीबीआई ने कहा- फौरन दिल्ली हाईकोर्ट में अपील करेंगे :** आबकारी नीति मामले में केजरीवाल समेत 23 आरोपियों को बरी किए जाने पर सीबीआई ने कहा- जांच के कई पहलुओं को या तो नजरअंदाज किया गया या पर्याप्त रूप से विचार नहीं किया गया। ट्रायल कोर्ट के फैसले के खिलाफ तुरंत दिल्ली हाई कोर्ट में अपील करेंगे।

### कोर्ट के बाहर केजरीवाल ने क्या कहा :

*पिछले कुछ सालों से जिस तरह से बीजेपी शराब घोटाला, शराब घोटाला कर रही थी। हमारे ऊपर आरोप लगा रही थी। आज कोर्ट ने सारे आरोप खारिज कर दिए और हम सबको डिस्चार्ज कर दिया। हम हमेशा कहते थे कि हमें भारतीय न्याय प्रणाली पर भरोसा है। मैं जज साहब का बहुत-बहुत शुक्रिया करता हूं, जिन्होंने हमारे साथ न्याय किया। सत्य की जीत हुई। भगवान हमारे साथ है। मोदी जी और अमित शाह जी ने मिलकर आजाद भारत का यह सबसे बड़ा राजनीतिक षड्यंत्र रचा। आम आदमी पार्टी को खत्म करने के लिए हमारी पार्टी के सबसे बड़े पांच नेताओं को जेल में डाल दिया। आज तक आजाद भारत के इतिहास में ऐसा नहीं हुआ। सिटिंग चीफ मिनिस्टर को घर से घसीटकर जेल में डाला गया और छह महीने तक जेल में रखा गया। हमारे उप-मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया जी को दो साल तक जेल में रखा गया। हमारे ऊपर कीचड़ फेंका गया। 24 घंटे टीवी चैनलों पर डिबेट चलती थी, खबरें दिखाई जाती थीं कि... इतना कहते ही अरविंद केजरीवाल रो पड़े।*

*उन्हें बाजू में खड़े मनीष सिसोदिया ने ढाढस बंधायाइसके बाद केजरीवाल ने फिर बोलना शुरू किया, उन्होंने कहा : मैं प्रधानमंत्री जी से कहना चाहता हूं कि सत्ता के लिए इस तरह से खिलवाड़ मत कीजिए देश के साथ। इस तरह से संविधान के साथ खिलवाड़ मत कीजिए। आपको सत्ता चाहिए, अच्छे काम कीजिए। आज देश के सामने कितनी बड़ी समस्याएं हैं। महंगाई है, बेरोजगारी है, पूरे देश में सड़कें टूटी पड़ी हैं, चारों तरफ पॉल्यूशन ही पॉल्यूशन है, चारों तरफ देश में इतनी समस्याएं हैं उनका समाधान करके सत्ता में आइए न। केजरीवाल पर आम आदमी पर्टी पर झूठे केस क्यों करते हैं। अच्छा काम करके सत्ता में आइए। इस तरह के झूठे केस करना और चौबीस घंटे विपक्षियों पर ऊटपटांग झूठे केस करना उन्हें जेल में डालना ये प्रधानमंत्री को शोभा नहीं देता। इससे देश आगे नहीं बढ़ता। देश तब आगे बढ़ेगा, जब जनता की समस्यों का समाधान किया जाएगा।*

# भारत में हर साल सड़क हादसों में करीब 2 लाख मौतें : गडकरी

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार, 26 फरवरी को नई दिल्ली में सड़क सुरक्षा पर तीसरे नेशनल कॉन्क्लेव में हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में नितिन गडकरी ने कहा, 'भारत में हर साल सड़क हादसों की वजह से करीब पांच लाख एक्सीडेंट होते हैं और 1.80 लाख मौतें होती हैं।' नितिन गडकरी ने इन हादसों को लेकर कहा कि लोगों के व्यवहार में बदलाव और ट्रैफिक कानूनों को लागू करना, सड़क सुरक्षा को बेहतर बनाने में देश की सबसे बड़ी चुनौतियां हैं। सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने बताया, देश में ओवरस्पीडिंग से हर साल करीब 1,20,000 मौतें होती हैं, जबकि हेलमेट न पहनने से 54,000 से ज्यादा मौतें होती हैं और सीट बेल्ट न पहनने से 14,000 से ज्यादा मौतें होती हैं। केंद्रीय मंत्री ने आगे बताया, 'सड़क हादसों में हर साल 18 साल से कम उम्र के बच्चों की 10,000 से ज्यादा जानें जाती हैं। नितिन गडकरी ने कहा कि नशे में गाड़ी चलाना, गलत साइड से गाड़ी चलाना और मोबाइल फोन का इस्तेमाल भी सड़क हादसों में लोगों की जान जाने के सबसे बड़े कारण हैं।

## एसयूवी की ट्रक से टक्कर में तीन लोगों की मौत, सात घायल

उत्तर प्रदेश। बिहार के औरंगाबाद जिले में बृहस्पतिवार दोपहर एक दिल दहला देने वाली सड़क दुर्घटना हुई। राष्ट्रीय राजमार्ग-19 (NH-19) पर एक एसयूवी (SUV) और ट्रक के बीच हुई आमने-सामने की भीषण भिड़ंत में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि सात अन्य गंभीर रूप से घायल हैं। हादसा दोपहर में राष्ट्रीय राजमार्ग-19 पर देव मोड़ के निकट हुआ। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि एसयूवी में कुल 10 लोग सवार थे। उन्होंने बताया कि वे उत्तर प्रदेश के बलिया जिले में एक रिश्तेदार की शादी में शामिल होकर झारखंड के धनबाद लौट रहे थे, तभी यह हादसा हुआ। उन्होंने बताया कि मृतकों में से दो की पहचान तेज नारायण गुप्ता और विकास कुमार चौहान के रूप में हुई है, जबकि तीसरे व्यक्ति की पहचान अभी नहीं हो सकी है। औरंगाबाद मुफस्सिल के थाना प्रभारी अशोक कुमार ने बताया, शवों को पोस्टमार्टम के लिए ले जाया गया है। उन्होंने कहा कि घायलों का इलाज सदर अस्पताल में किया जा रहा है।

## एआई के कारण एंट्री लेवल जॉब खतरे में

नई दिल्ली। आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस अब सिर्फ तकनीक नहीं, यह दुनिया के कारोबार, नौकरियों और समाज को बुनियादी रूप से बदल रहा है। बीसीजी-मोलोको की रिपोर्ट बताती है कि न्यूज, ट्रेवल और शिक्षा जैसे क्षेत्रों के लिए एआई सबसे बड़ी चुनौती है, क्योंकि चैटजीपीटी जैसे टूल्स अब सीधे ग्राहक और ब्रांड के बीच आ गए हैं। ये टूल जो कंपनियां अपना डेटा और ग्राहक संबंध मजबूत नहीं करेंगी, वे पिछड़ जाएंगी। मूडीज की रिपोर्ट कहती है कि एआई से दुनिया की उत्पादकता यानी काम करने की क्षमता सालाना औसतन 1.5% बढ़ेगी।

# जेएनयू छात्र संघ का मार्च हुआ हिंसक!

## पूर्व और वर्तमान अध्यक्ष सहित 14 गिरफ्तार, भारी पुलिस बल तैनात

नई दिल्ली। दिल्ली का जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) एक बार फिर अखाड़े में तब्दील हो गया है। गुरुवार शाम छात्र संघ द्वारा आयोजित 'लॉन्ग मार्च' के दौरान छात्रों और दिल्ली पुलिस के बीच हिंसक झड़प हुई। इस मामले में पुलिस ने कड़ा रुख अपनाते हुए वर्तमान अध्यक्ष अदिति मिश्रा और पूर्व अध्यक्ष नीतीश कुमार समेत 14 लोगों को गिरफ्तार किया है। दिल्ली पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार किए गए लोगों में जाने-माने स्टूडेंट लीडर, जेएनयूएस के पूर्व प्रेसिडेंट नीतीश कुमार, जेएनयूएस प्रेसिडेंट अदिति मिश्रा, वाइस प्रेसिडेंट गोपिका बाबू और जॉइंट सेक्रेटरी दानिश अली शामिल हैं। वसंत कुंज नॉर्थ पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की गई है और जांच चल रही है।



### भारी पुलिस तैनात जारी

इस बीच, स्टूडेंट्स और पुलिस के बीच झड़प के बाद भारी पुलिस तैनात जारी है। स्टूडेंट्स यूनियन के मार्च के दौरान हुई झड़प में पुलिस और जेएनयू स्टूडेंट्स घायल हो गए, पुलिस का दावा है कि उन पर हमला किया गया, लेकिन प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि पुलिस ने उन पर बहुत ज्यादा बल का इस्तेमाल किया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि दंगाइयों ने लाठियां और जूते फेंके और मारपीट की, जिसमें ACP वेद प्रकाश, ACP संघमित्रा, SHO अतुल त्यागी और SHO अजय यादव जैसे सीनियर अधिकारियों समेत करीब 25 पुलिसवाले घायल हो गए। कहा जा रहा है कि झगड़े के दौरान कुछ पुलिसवालों को दांत भी लगे।

**जेएनयूएस हिंसा के वीडियो सामने आए :** सोशल मीडिया पर हिंसा के जो वीडियो सामने आए हैं, उनमें कथित तौर पर खठवरव से जुड़े छात्र पुलिसवालों से भिड़ते, अधिकारियों को थप्पड़ मारते, गालियां देते और सुरक्षा बलों पर लाठियां फेंकते दिख रहे हैं। एक क्लिप में, छात्र नीतीश कुमार यूनिवर्सिटी की दीवार पर चढ़ते और कथित तौर पर छात्रों को भड़काते हुए दिख रहे हैं, जबकि दूसरे वीडियो में कथित तौर पर श्रेय नाम का एक छात्र एक पुलिस अधिकारी को थप्पड़ मार रहा है।

पुलिस के मुताबिक, जेएनयू एडमिनिस्ट्रेशन ने विरोध कर रहे स्टूडेंट्स को बताया था कि कैंपस के बाहर किसी भी विरोध प्रदर्शन की परमिशन नहीं दी गई है और उन्हें अपना प्रदर्शन यूनिवर्सिटी परिसर के अंदर ही रखने की सलाह दी थी। उन्होंने कहा कि इसके बावजूद, करीब 400-500 स्टूडेंट्स कैंपस में इकट्ठा हुए और विरोध मार्च शुरू कर दिया। दोपहर करीब 3.20 बजे, प्रदर्शनकारी मेन गेट से बाहर निकले और मिनिस्ट्री की ओर बढ़ने की कोशिश की।

# कोलकाता सहित बंगाल के कई जिलों में भूकंप, 5.4 तीव्रता

**तेज झटके महसूस हुए, इमारतें हिलीं, लोग सड़कों पर निकले; बांग्लादेश के ढाका में था केंद्र**

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता सहित कई जिलों में शुक्रवार दोपहर करीब 1.30 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। जानकारी के मुताबिक, भूकंप का केंद्र बांग्लादेश के ढाका स्थित अगरगांव में था। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 5.3 मापी गई। पश्चिम बंगाल से अगरगांव की दूरी लगभग 26 किलोमीटर बताई जा रही है। झटके इतने तेज थे कि कोलकाता में बहुमंजिला इमारतें कुछ सेकेंड तक हिलती रहीं। अचानक कंपन महसूस होते ही लोग घरों और दफ्तरों से बाहर निकल आए। कोलकाता के अलावा हावड़ा, हुगली, झाड़ग्राम और पश्चिम मेदिनीपुर जिलों में भी लोगों के बीच दहशत का माहौल बन गया। कई इमारतों में बंद पड़े सीलिंग फैन तक हिलते नजर आए। कुछ पुराने मकानों के झुकने की भी खबर सामने आई है। हालांकि अब तक बड़े नुकसान की पुष्टि नहीं हुई है। कोलकाता में स्वगता नाम की ने युवती ने बताया कि हम सोफे पर बैठे थे तभी अचानक झटके महसूस हुए। हम तुरंत घर से बाहर भागे। सोफा और पंखा हिल रहे थे, टेबल पर रखी एक बोतल गिर गई। हम सब नीचे की ओर भागे।

## सुप्रीम कोर्ट रजिस्ट्री के अधिकारियों पर बरसे सीजेआई

नई दिल्ली। चीफ जस्टिस (सीजेआइ) सूर्यकांत ने सुप्रीम कोर्ट रजिस्ट्री के कामकाज पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए इसकी कार्यप्रणाली की 'गहन जांच' के आदेश देने की बात कही है। गुरुवार को एक सुनवाई के दौरान उन्होंने रजिस्ट्री के कुछ अधिकारियों की मनमानी पर कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने कहा कि हाल ही में किए गए सुधारों के बावजूद, कुछ अधिकारी स्थापित नियमों के बजाय अपनी मर्जी से काम कर रहे हैं।

# एपस्टीन के साथ संबंधों पर डोनाल्ड ट्रंप से सवाल करें सांसद: क्लिंटन



वाशिंगटन। अमरीका की पूर्व विदेश मंत्री हिलेरी क्लिंटन ने सांसदों से अपील की है कि उन्हें यौन अपराधी जेफरी एपस्टीन और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के संबंधों को लेकर उनसे सवाल करने चाहिये। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार सुश्री क्लिंटन इस मामले को लेकर कांग्रेस (संसद) की समिति के समक्ष उपस्थित हुईं। उन्होंने कहा कि उन्हें एपस्टीन के अपराधों के बारे में कोई जानकारी नहीं थी। इस दौरान उन्होंने सांसदों से आग्रह किया कि उन्हें श्री ट्रंप से एपस्टीन के साथ उनके संबंधों के बारे में पूछताछ करनी चाहिए, क्योंकि उन्होंने संविधान की शपथ ली है। सुश्री क्लिंटन ने कांग्रेस समिति के समक्ष घंटों गवाही देने के बाद कहा कि मैं सच सामने आते देखना चाहती हूं। इस मामले में सुश्री क्लिंटन के पति एवं अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन शुक्रवार को गवाही देंगे। हालांकि दोनों ने समिति की ओर से तलब किये जाने का विरोध किया है और इसे इसे राजनीति से प्रेरित बताया है। बाद में ये दोनों फिर गवाही देने के लिए सहमत हो गए क्योंकि उनके खिलाफ कांग्रेस की अवमानना की संभावित कार्रवाई की आशंका थी।




# 55 सैनिक ढेर, 19 पोस्ट तबाह, JF-17 को मार गिराया, तालिबान ने पाकिस्तान को जबरदस्त ठोका

नई दिल्ली। पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच भीषण जंग की शुरूआत हो चुकी है। दोनों ओर से जो सेनाएं हैं एक दूसरे पर भीषण हमले कर रहे हैं। पाकिस्तान जो लगातार बार-बार अफगानिस्तान की तालिबान सरकार के सब्र का इम्तिहान ले रहा था। आखिरकार सब्र का वो पैमाना टूट गया। अफगानिस्तान के लड़ाके कहर बनकर पाकिस्तानी लड़ाकों पर टूट पड़े हैं। ताजा अपडेट्स आने तक अफगानिस्तान प्रशासन ने 55 पाकिस्तानी सैनिकों के मारे जाने का दावा किया है। देर रात शुरू हुई झड़पों के बाद देखते ही देखते यह भीषण युद्ध में तब्दील हो गया।

पाकिस्तान और तालिबान के बीच रात भर भीषण जंग चली जो अभी भी जारी है।



तालिबान के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने कहा है कि पाकिस्तान एयरफोर्स ने अफगानिस्तान में कई जगहों पर बमबारी की जिसका उसे मुंहतोड़ जवाब दिया गया है। अफगानिस्तान फोर्सेस ने पाक एयरफोर्स के जीएफ17 लड़ाकू विमान को मार गिराने का भी दावा किया है। साथ ही पाकिस्तान अफगानिस्तान की अंतरराष्ट्रीय सीमा डूरंड लाइन पर पाक के 19 पोस्टों पर भी कब्जे के दावे किए जा रहे हैं। तालीबान लड़ाकों का हमला इतना भीषण था कि पाकिस्तानी सैनिक अपनी पोस्ट छोड़-छोड़ कर वहां से भाग खड़े हुए। इसे लेकर तालिबान प्रवक्ता की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि कायर पाकिस्तानी सेना ने काबुल कंधार में कुछ जगहों पर बमबारी की है। अल्लाह का शुक्र है कि किसी को कोई नुकसान नहीं हुआ।

तालिबान के मिलिट्री ऑफ नेशन डिफेंस की ओर से जारी एक प्रेस रिलीज में कहा गया कि कुछ दिन पहले की तरह पाकिस्तानी सेना ने खुलेआम अफगानिस्तान की पूर्वी सीमाओं में घुसपैठ की। हमारी आजादी का उल्लंघन किया और जवाब में आज रात साल 1447 हिजरी में यहां महिलाओं और बच्चों को शहीद कर दिया। तालिबान और पाकिस्तान के बीच यह जंग उस वक्त शुरू हुई है जब पाकिस्तानी सेना ने इस हफ्ते की शुरूआत में डूरंड लाइन पर अफगान तालीबान चेक पोस्ट पर बड़े हमले किए थे। जिससे दोनों ओर काफी नुकसान हुआ था।

इस बीच पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ का एक बयान जो कि बड़ा ही अजीब सा है वो जो है यहां पर लगातार वायरल हो रहा है।


मां रेवा पब्लिकेशन एंड प्रिंटर्स
जबलपुर शहर में सबसे कम दामों में
समाचार पत्र के A to Z कार्य का एकमात्र स्थान
प्रिंटिंग
जॉब वर्क
न्यूज पेपर
पीडीएफ
संपर्क करें 7415685293 9589490996 9340553112
68/1 लक्ष्मीपुर विवेकानंद वार्ड, मुस्कान प्लाजा के पीछे, एम आर 4 रोड, उखरी, जबलपुर (मप्र)



दैनिक रेवांचल टाईम्स, मंडला। मंडला जिले के बिछिया क्षेत्र की 16 साल रितिका यादव को गंभीर बीमारी के इलाज के लिए एयर एम्बुलेंस से चंडीगढ़ भेजा गया था। हालांकि, वहां इलाज नहीं मिलने के कारण उसे वापस मंडला लौटना पड़ा। वर्तमान में रितिका मंडला के जिला अस्पताल में भर्ती है, जहां उसका इलाज जारी है। रितिका फाइब्रोसिस और पल्मनरी आर्टेरियल हाइपरटेंशन जैसी गंभीर बीमारियों से पीड़ित है। उसके पिता का निधन हो चुका है और परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर है। नागपुर मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान डॉक्टरों ने उसे पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च (PGI), चंडीगढ़ में इलाज कराने की सलाह दी थी।

### मंडला जिला अस्पताल में इलाज जारी; CMHO बोले- पीजीआई से संपर्क कर समाधान निकालेंगे

# एयर एम्बुलेंस से चंडीगढ़ गई बच्ची, इलाज के बिना लौटी

### प्रशासन के दावे पर एयर एम्बुलेंस से चंडीगढ़ भेजी गई

मामला प्रशासन के संज्ञान में आने के बाद 20 फरवरी की सुबह लगभग 8:30 बजे रितिका को पीएमश्री एयर एम्बुलेंस के माध्यम से चंडीगढ़ भेजा गया। प्रशासन ने दावा किया था कि पीजीआई के फेफड़ा रोग विशेषज्ञों से समन्वय स्थापित कर निःशुल्क इलाज की सहमति मिल गई है और वहां पहुंचते ही इलाज शुरू हो जाएगा।

### चंडीगढ़ पहुंचने पर वैक्सीन न होने से इलाज नहीं मिला

लेकिन रितिका के भाई पवन यादव के अनुसार, 21 फरवरी को जब रितिका अपनी मां तरेसा यादव के साथ चंडीगढ़ पहुंची, तो अस्पताल में बताया गया कि आवश्यक वैक्सीन उपलब्ध नहीं है। जिस विशेषज्ञ डॉक्टर से पहले चर्चा हुई थी, उन्होंने फोन तक नहीं उठाया। रितिका को आपातकालीन वार्ड में भर्ती तो किया गया, लेकिन दो दिन बाद डॉक्टरों ने कहा कि उसका इलाज यहां संभव नहीं है। डॉक्टरों ने यह भी चेतावनी दी कि भीड़भाड़ में रहने से संक्रमण का खतरा बढ़ सकता है, जिसकी जिम्मेदारी अस्पताल की नहीं होगी।

### इलाज न मिलने पर 36 हजार खर्च कर मंडला लौटी

रितिका के साथ उसकी मां अकेली थीं, और ऐसी स्थिति में परिवार के पास वापस लौटने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा। सामाजिक संस्थाओं से मिली आर्थिक सहायता के सहारे 36 हजार रुपए में एम्बुलेंस किराए पर लेकर 22 फरवरी की शाम रितिका को मंडला वापस लाया गया। इलाज के लिए मिली आर्थिक मदद का एक बड़ा हिस्सा आने-जाने में ही खर्च हो गया।

### पीजीआई से संपर्क कर इलाज का समाधान निकाला जाएगा

परिवार का कहना है कि तमाम प्रयासों के बावजूद उन्हें अपेक्षित मदद नहीं मिल पाई। प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की ओर से मदद के दावे किए गए थे, लेकिन चंडीगढ़ में रितिका का इलाज शुरू नहीं हो सका। सीएमएचओ डॉ डीजे मोहंती का कहना है कि रितिका की बीमारी का स्थायी इलाज पीजीआई चंडीगढ़ में ही संभव है, विशेषज्ञ से अनुमति लेकर ही रितिका को वहां भेजा गया था। अब पुनः संपर्क कर आगे क्या संभव है इस पर चर्चा कर समाधान किया जाएगा।



### सीखे तकनीकी शिक्षा से कैसे बनें हुनरमंद

## विकासखंड बिछिया के विभिन्न विद्यालयों का राज्य स्तरीय शैक्षणिक भ्रमण

दैनिक रेवांचल टाईम्स, मंडला। भुआ बिछिया समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत हाईस्कूल-हायर सेकेण्डरी स्कूलों में अध्ययनरत विद्याथीर्यों के लिए राज्य उच्च. शिक्षा से जुड़ी शैक्षणिक संस्थाओं में शैक्षणिक भ्रमण कराया गया जिला प्रशासन के जिसके अंतर्गत विकासखण्ड बिछिया से 200 छात्र/छात्राओं को ज्ञानगंगा टेक्निकल इंस्टिट्यूट, जबलपुर, तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थलों, दार्शनिक स्थलों का भ्रमण कराते हुए करियर निर्माण हेतु उचित मार्गदर्शन प्रदान किये गये, मंडला जिले के विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और उन्हें आधुनिक करियर विकल्पों से अवगत कराने के उद्देश्य से यह एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। मेंटर्स के मार्गदर्शन में संस्कारधानी जबलपुर के विभिन्न व्यवसायिक संस्थानों और इको पर्यटन स्थलों का अवलोकन कराया गया। भ्रमण का मुख्य केंद्र ज्ञानगंगा टेक्निकल इंस्टीट्यूट जबलपुर रहा यहाँ विद्यार्थियों ने करियर की संभावनाओं को समझा जहां संस्थान के विशेषज्ञों ने छात्रों को इलेक्ट्रीकल इंजिनिरिंग के तकनीकी पहलुओं की जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को बताया कि कैसे इस क्षेत्र में कौशल विकास के माध्यम से देश-विदेश में रोजगार के अवसर प्राप्त किए जा सकते हैं। तत्पश्चात भेड़ाघाट पहुंचे यहाँ बच्चों ने प्रकृति के विविध सुन्दर रूपों का अवलोकन किया व प्राकृतिक संतुलन के महत्व को समझा। भ्रमण में शामिल शिक्षकों ने बताया कि इस प्रकार के आयोजनों से विद्यार्थियों के दृष्टिकोण में बदलाव आता है और उन्हें किताबी ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक अनुभव भी मिलता है। वही उक्त कार्यक्रम जिला प्रशासन के निर्देशन एवं जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती मुन्नी वरकड़े, सहा संचाल एल एस मसराम, जिला नोडल प्राचार्य श्रीमती अरुणा दीक्षित उत्कृष्ट बिछिया, कल्पना पाण्डेय, सुनीता मरावी, मंजुलता शिवात्री, शब्बो सोनवानी, अशोक राजपूत, अरुण परते, स्वेता बरकड़े, विनीत झरिया संदीपनी बिछिया, राजीव मिश्रा माधोपुर, मंशाराम झारिया औरई के संयोजन में संपन्न हुआ।

## 7066 ई-टोकन जारी, 2045 मीट्रिक टन उर्वरक का वितरण

दैनिक रेवांचल टाईम्स, मंडला। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर मध्यप्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2026 को कृषक कल्याण वर्ष घोषित किया गया है। इस संबंध में कृषि क्षेत्र को सशक्त बनाने एवं किसानों को आवश्यक संसाधनों की समय पर आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए ई-टोकन एवं उर्वरक वितरण प्रणाली की शुरूआत की गई है। यह एक डिजिटल प्रणाली है जिसका उद्देश्य किसानों को उर्वरक प्राप्ति में होने वाली समस्याओं जैसी लंबी कतारें, कालाबाजारी, अनियमित वितरण एवं बिचौलियों की भूमिका को समाप्त करता है। इस प्रणाली के तहत किसान को पंजीयन के उपरांत उर्वरक प्राप्ति के लिए एक ई-टोकन जारी किया जाता है। इस टोकन में किसान का नाम, पंजीयन क्रमांक, उर्वरक का प्रकार एवं मात्रा, वितरण केंद्र, निर्धारित तिथि और समय अंकित होता है। किसान निर्धारित समय पर संबंधित केंद्र से उर्वरक प्राप्त कर सकता है। शुक्रवार तक जिले में किसानों को 7066 ई-टोकन पोर्टल से जारी हुए हैं जिसमें से 5861 कृषकों द्वारा उर्वरक का उठाव किया गया है। ई-टोकन के माध्यम से अभी तक 2045 एमटी उर्वरक का वितरण किया जा चुका है। किसानों को ई-टोकन प्रणाली से ही खाद उपलब्ध कराई जाएगी, जिसके लिए किसानों की फॉर्मर आईडी होना अनिवार्य होगा। किसानों को अपना आधार नंबर एग्री स्टेक पोर्टल पर पंजीकृत करवाना होगा ताकि फॉर्मर आईडी पर रकबा एवं फसल की जानकारी अपडेट हो सके। किसान ई-विकास प्रणाली की वेबसाइट या एमपी किसान ऐप के माध्यम से पंजीयन कर सकते हैं। पंजीयन के दौरान आधार नंबर डालने पर आधार लिंक्ड मोबाइल नंबर पर ओटीपी प्राप्त होगी जिसके सत्यापन उपरांत किसान की भूमि और रकबे की जानकारी प्रदर्शित होने लगेगी। किसान द्वारा भूमि, रकबा, खसरा, फसल और उर्वरक चयन करने के उपरांत वैज्ञानिक आधार पर उर्वरक की मात्रा पोर्टल पर प्रदर्शित होने लगेगी। किसान रिटेलर का चयन करके टोकन/कूपन प्राप्त कर सकेगा और 3 दिवस के अंदर चयनित विक्रेता से खाद प्राप्त कर सकेगा।

## कान्हा टाइगर रिजर्व में खेल प्रतियोगिता का समापन

### 153 खिलाड़ियों ने लिया वन संरक्षण का संकल्प; सिझोरा और गढ़ी की टीमें जीती



**दैनिक रेवांचल टाईम्स, मंडला। कान्हा टाइगर रिजर्व के खटिया परिक्षेत्र स्थित इको सेंटर परिसर में आयोजित समिति स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन हुआ। इस प्रतियोगिता में वॉलीबॉल और कबड्डी के रोमांचक मुकाबले हुए, जिसमें कुल 153 खिलाड़ियों और 500 से अधिक समिति सदस्यों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।**

### ट्रॉफी और पदक के साथ नकद पुरस्कार मिले

समापन अवसर पर क्षेत्र संचालक ने विजेता टीमों को ट्रॉफी और पदक के साथ नगद पुरस्कार प्रदान किए। विजेता टीमों के लिए 10,000 और उपविजेता टीमों के लिए ?5,000 की प्रोत्साहन राशि की घोषणा की गई। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों और रेफरी को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

### बैगा नृत्य किया, संरक्षण का संकल्प लिया

समारोह के दौरान खिलाड़ियों ने पारंपरिक बैगा नृत्य की प्रस्तुति देकर स्थानीय संस्कृति की झलक पेश की। खेल के साथ-साथ यहां वन एवं वन्यजीव संरक्षण का संदेश भी दिया गया। उपस्थित सदस्यों ने जंगलों को आग से बचाने और वन्यजीवों की सुरक्षा का सामूहिक संकल्प लिया।

### ये रहे उपस्थित

इस आयोजन में क्षेत्र संचालक, उप संचालक (बफर), जिला पंचायत अध्यक्ष, जनपद उपाध्यक्ष और खटिया सरपंच सहित वन विभाग के अधिकारी एवं विभिन्न समितियों के अध्यक्ष बड़ी संख्या में शामिल हुए। यह आयोजन खेल प्रतिभाओं को मंच देने के साथ-साथ वन संरक्षण के प्रति जागरूकता

## चना एवं मसूर उपार्जन के लिए कृषक पंजीयन 16 मार्च तक

दैनिक रेवांचल टाईम्स, मंडला। रबी वर्ष 2025-26 (विपणन वर्ष 2026-27) अंतर्गत ई-उपार्जन पोर्टल पर चना, मसूर एवं सरसों के उपार्जन के लिए पंजीयन का कार्य शुरू हो चुका है। चना एवं मसूर उपार्जन के लिए कृषक पंजीयन 20 फरवरी से 16 मार्च 2026 तक और भावांतर योजना अंतर्गत सरसों का पंजीयन 26 फरवरी से 20 मार्च 2026 तक किया जाना है। किसानों की सुविधा के लिए निःशुल्क पंजीयन के लिए 36 पंजीयन केंद्रों का निर्धारण किया गया है। जिसमें आदिम जाति सेवा सहकारी समिति स्टेट बैंक के सामने मंडला, मानेगांव, चिरईडोंगरी रोड, नारायणगंज, निवास, नैनपुर, रैवाड़ा, चीजगांव, जामगांव, पिंडरई, खिरखिरी, बम्हनीबंजर, परसवाड़ा, चिरईडोंगरी रेल्वे, बिछिया, अंजनिया, खलौड़ी, ककैया, मोहगांव, पड़ाववार्ड मंडला, जहरमउ, नैनपुर, बिछिया, बकौरी, टाटरी, बिसौरा, मलारा, घुघरी, घुटास, बीजाडांडी, मुनु, रामनगर, मानादेई, हिरदेनगर, घुघरा, बबलिया, निर्धारित किया गया। इसके अलावा एम.पी. ऑनलाइन, कॉमन सर्विस सेंटर से किया जा सकता है।

### सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा बैठक आयोजित

## अपर कलेक्टर ने की प्रगति की समीक्षा, अनुपस्थित अधिकारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश

दैनिक रेवांचल टाईम्स, मंडला। जिले में सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों के त्वरित निराकरण एवं शासन की प्राथमिकताओं के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अपर कलेक्टर श्री राजेंद्र कुमार सिंह द्वारा की गई। समीक्षा के दौरान विभागवार प्राप्त शिकायतों, उनके निराकरण की स्थिति एवं संतुष्टि स्तर की विस्तृत समीक्षा की गई। अपर कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का निराकरण समय-सीमा में एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निराकरण में लापरवाही या औपचारिकता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों के प्रति गंभीरता व्यक्त करते हुए अपर कलेक्टर ने सीईओ जनपद पंचायत नारायणगंज, निवास, बीजाडांडी, मंडला तथा आयुष अधिकारी को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। अपर कलेक्टर श्री सिंह ने संकल्प से समाधान अभियान के तहत प्राप्त शिकायतों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि अभियान की भावना के अनुरूप प्रत्येक शिकायत का संवेदनशीलता एवं जवाबदेही के साथ निराकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को शासन की योजनाओं का वास्तविक लाभ मिल सके। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। अन्य विभागीय अधिकारी वीसी के माध्यम से जुड़े रहे।

## मचलेश्वर मेला हिरदेनगर में सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ , एसपी रजत सकलेचा का भ्रमण




दैनिक रेवांचल टाईम्स, मंडला। आज दिनांक 27/02/2026 को पुलिस अधीक्षक मंडला रजत सकलेचा द्वारा हिरदेनगर चौकी अंतर्गत आयोजित मचलेश्वर मेला हिरदेनगर का भ्रमण कर सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। भ्रमण के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मंडला शिव कुमार वर्मा की उपस्थिति में आमजन की सुरक्षा, सुचारू यातायात संचालन एवं भीड़ नियंत्रण को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। पुलिस अधीक्षक द्वारा *मुख्य प्रवेश द्वार पर सीसीटीवी कैमरे लगाने, रेडियम युक्त बैरिकेड एवं स्टॉपर लगाने तथा फायर ब्रिगेड को निर्धारित स्थान पर तैनात* रखने के निर्देश दिए गए। यातायात व्यवस्था को लेकर बिना हेलमेट दोपहिया वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने एवं बिना नंबर प्लेट तथा तेज रफ्तार वाहनों पर सख्त कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया गया। मेले में संचालित झूलों को अनुमति एवं भौतिक सत्यापन उपरांत प्रारंभ* करने तथा पशुओं को सड़क से दूर निर्धारित स्थान पर रखने* के निर्देश दिए गए।

## मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना अंतर्गत मंडला के 250 श्रद्धालुओं ने किए रामेश्वर-मदुरई के दर्शन




दैनिक रेवांचल टाईम्स, मंडला। मध्यप्रदेश टूरिज्म धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग मंत्रालय द्वारा संचालित मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के अंतर्गत मंडला जिले से 250 श्रद्धालुओं को 19 फरवरी से 25 फरवरी 2026 तक दक्षिण भारत के प्रमुख तीर्थ स्थलों की यात्रा कराई गई। सात दिवसीय इस यात्रा में श्रद्धालुओं ने रामेश्वरम एवं मदुरई के पवित्र स्थलों के दर्शन कर धार्मिक लाभ प्राप्त किया। यात्रा के दौरान सभी यात्रियों के लिए भोजन, पेयजल, स्वास्थ्य सेवाएं एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। श्रद्धालुओं ने धार्मिक वातावरण में भावविभोर होकर यात्रा का आनंद लिया और इसे सुखद एवं अविस्मरणीय अनुभव बताया। यात्रा के सफल संचालन में आईआरसीटीसी, भोपाल का विशेष सहयोग रहा। सभी यात्रियों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस योजना से आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों को देश के प्रमुख तीर्थ स्थलों के दर्शन का अवसर प्राप्त हो रहा है। श्रद्धालुओं ने राज्य शासन द्वारा संचालित इस जनकल्याणकारी योजना की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजनों की निरंतरता की अपेक्षा व्यक्त की।

## आम आदमी पार्टी मण्डला ने किया न्यायालय का धन्यवाद



**दैनिक रेवांचल टाईम्स, मंडला। यह कहावत आज फिर सच साबित हुई, कि सत्य परेशान हो सकता है पराजित नहीं। ईमानदारी का साथ लेकर न्याय पाने में देर हो सकती है पर अंधेर नहीं। यही हुआ आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के तत्कालीन मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के साथ।**

27 फरवरी 2026 को आम आदमी पार्टी एवं संपूर्ण देश के लिए गर्व का माहौल है, कि भारतीय जनता पार्टी के द्वारा ईडी, सीबीआई जैसी जांच एजेंसियों का दुरुपयोग करके आम आदमी पार्टी के शीर्ष नेता अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, सत्येंद्र जैन, संजय सिंह सहित 27 ईमानदार पार्टी के ईमानदार नेताओं को शराब घोटाले के झूठे आरोपों में फंसा कर उन्हें वर्षों जेल में रखने जैसा उनकी राष्ट्र व्यापी छवि को खराब करने का कुत्सित प्रयास भारतीय जनता पार्टी की सरकार के द्वारा किया गया।इनके द्वारा लगाए गए निराधार आरोपों से बरी होने पर आम आदमी पार्टी मण्डला ने न्यायालय का धन्यवाद करते हुए पार्टी के कार्यकताओं ने इसे सत्य की जीत बताया है। फर्जी मामले के विरोध में मण्डला के कार्यकताओं के द्वारा प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति के नाम शुरूआत में ही ज्ञापन सौपा गया था। इस अवसर पर चंद्रगुप्त नामदेव, पी डी खैरवार, सहजान परस्ते, डी डी कुमरे, डी एस वरकड़े, एड. एस के परते सहित आम आदमी पार्टी के सभी कार्यकताओं सदस्यों और केजरीवाल विचार मंच के शुभचिंतकों ने खुशी जताई है। कार्यकताओं ने सभी पार्टी सदस्यों से एकजुट रहकर अन्याय के खिलाफ आवाज उठाते रहने की अपील की है।

## थाना टिकरिया में मवेशी तस्करों पर बड़ी कार्रवाई, 16 चक्का ट्रक से 26 भैंसें जब्त





**दैनिक रेवांचल टाईम्स, मंडला। जिले थाना टिकरिया अंतर्गत लंबे समय से सक्रिय मवेशी तस्करों के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध परिवहन कर ले जाई जा रही भैंसों से भरा एक 16 चक्का ट्रक पकड़ लिया। वही प्राप्त जानकारी के अनुसार, क्षेत्र में बसों व भारी वाहनों के माध्यम से मवेशियों की तस्करी की लगातार शिकायतें मिल रही थीं, जिस पर थाना प्रभारी प्रदीप पांडे द्वारा विशेष निगरानी रखी जा रही थी।**

रात्रि लगभग 10 बजे मुखबिर से सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने थाने के सामने बैरिकेड लगाकर वाहनों की सघन चेकिंग शुरू की। इसी दौरान मंडला से जबलपुर की ओर जा रहा एक संदिग्ध 16 चक्का ट्रक रोका गया। तलाशी लेने पर ट्रक में अवैध रूप से ठूंस-ठूंस कर 26 नग भैंसें भरी मिलीं। जानकारी के अनुसार पुलिस ने ट्रक को जब्त कर थाना परिसर में खड़ा कराया तथा चालक और उसके साथियों के विरुद्ध पशु क्रूरता अधिनियम व संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है। जब्त की गई सभी भैंसों को रात में सुरक्षित रूप से गौशाला फूल सागर पड़रिया भिजवाया गया। टिकरिया पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में मवेशी तस्करों में हड़कंप मच गया है। कार्रवाई के दौरान थाना स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।



# अज्ञात लोगो ने वृद्ध भिखारी की निर्मम हत्या पुलिस जांच में जुटी, पुलिस की गश्त पर सवाल

**दैनिक रेवांचल टाइम्स शहडोल।** जिला मुख्यालय पुरानी बस्ती स्थित नूरी मस्जिद और मजार के पास रेलवे लोको कॉलोनी के एक मकान में रहने वाले लगभग 60 से 70 वर्ष के वृद्ध, जिन्हें मोहल्ले के लोग प्यार से दद्दा और बाबा फकीर कहकर पुकारते थे, संदिग्ध परिस्थितियों में हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। इस घटना ने पूरे क्षेत्र को झकझोर दिया है और पुलिस गश्त की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।





बताया जाता है कि बाबा फकीर वर्षों पहले भीख मांगकर अपना जीवन यापन करते थे। उम्र बढ़ने और शरीर के जवाब देने के बाद मोहल्ले के लोगों ने मानवता की मिसाल पेश करते हुए उनकी जिम्मेदारी अपने ऊपर ले ली थी। किसी ने सुबह का नाश्ता तय कर लिया था, कोई दिन का भोजन पहुंचाता था, तो कोई रात का खाना देता था। कई लोग पैसे, कपड़े, जूते-चप्पल और दवाइयों की व्यवस्था कर उनकी सेवा करते थे। मोहल्ले के लोगों के अनुसार बाबा बेहद नेक और सरल स्वभाव के इंसान थे। उनके पास हर धर्म के लोग हिंदू और मुस्लिम आते थे और उनका आशीर्वाद लेते थे। लोगों का विश्वास था कि बाबा की दुआ से परेशानियां दूर हो जाती थीं। सूत्रों के मुताबिक गुरुवार सुबह जब एक व्यक्ति रोज की तरह बाबा को नाश्ता देने पहुंचा तो मकान का दरवाजा खुला मिला। अंदर का दृश्य देखकर वह सन्न रह गया बाबा खून से लथपथ पड़े थे। सिर के पीछे और नाक पर किसी भारी वस्तु से वार किए जाने के निशान बताए जा रहे हैं।तुरंत कोतवाली पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची, जांच-पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा। मोहल्ले के लोगों ने आशंका जताई है कि कुछ नशेड़ी तत्व पहले भी बाबा को परेशान करते थे। उनका मानना है कि लाचार वृद्ध से पैसे छीनने की नीयत से यह वारदात अंजाम दी गई हो सकती है। हालांकि पुलिस ने अभी तक किसी भी संभावना से इनकार नहीं किया है और जांच जारी होने की बात कही है।

# छात्राओं ने सड़क पर उतरकर विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य के खिलाफ किया था प्रदर्शन, कमिश्नर ने किया निलंबित



**दैनिक रेवांचल टाइम्स उमरिया।** जिले के मानपुर में बीते दिनों शबरी माता कन्या परिसर की छात्राओं के द्वारा सड़क पर उतरकर विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य के खिलाफ प्रदर्शन करना प्रभारी प्राचार्य अमरजीत द्विवेदी को महंगा पड़ गया। मामले की जांच उपरांत जिले के कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन के प्रतिवेदन पर शहडोल संभाग की कमिश्नर सुरभि गुप्ता ने सस्पेंड कर दिया है। निलंबन अवधि में अमरजीत द्विवेदी का मुख्यालय कार्यालय सहायक आयुक्त, जनजातीय कार्य, नियत किया जाता है। निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी। कमिश्नर शहडोल संभाग व्दारा अमरजीत व्दिवेदी उच्च माध्यमिक शिक्षक प्रभारी प्राचार्य माता शबरी कन्या शिक्षा परिसर मानपुर को निलंबन के किए जाने पश्चात कलेक्टर उमरिया धरणेन्द्र कुमार जैन ने अरनोद कुमार शुक्ला प्रभारी प्राचार्य माता शबरी कन्या शिक्षा परिसर उमरिया को आगामी आदेश पर्यन्त अपने कार्य के साथ साथ प्राचार्य माता शबरी शिक्षा परिसर मानपुर का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। विदित हो कि कमिश्नर शहडोल को कलेक्टर उमरिया द्वारा अवगत कराया गया कि 20 फरवरी 2026 को माता शबरी कन्या शिक्षा परिसर मानपुर की करीब 200 छात्राओं द्वारा रोड पर प्रदर्शन करने का वीडियो संज्ञान में आया हुआ है। उक्त प्रदर्शन में छात्राएं काफी आक्रोशित दिखी । घटना की जांच सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग, जिला उमरिया द्वारा दल गठित कर 20 फरवरी 2026 को करायी गयी। जांच दल द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन में लेख किया गया कि माता शबरी कन्या शिक्षा परिसर मानपुर की छात्राएं प्रभारी प्राचार्य अमरजीत द्विवेदी (उच्च माध्यमिक शिक्षक) के अनैतिक व्यवहार एवं क्रियाकलापों से शुब्ध होकर आन्दोलन कर रही थी।

# राम पथ गमन में गढ़िया-गधियां को शामिल किए जाने पर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया जेपी साहू ने

**दैनिक रेवांचल टाइम्स अनूपपुर।** राम वन गमन पथ अंतर्गत गढ़िया-गधियां (सीतामढ़ी क्षेत्र) को शामिल किए जाने के निर्णय पर सनातन एकता यात्रा के संयोजक जेपी साहू ने मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने इसे क्षेत्र की धार्मिक आस्था, प्राचीन मान्यताओं और सांस्कृतिक विरासत के सम्मान से जुड़ा ऐतिहासिक निर्णय बताया। जेपी साहू ने कहा कि गढ़िया-गधियां क्षेत्र को लेकर स्थानीय जनश्रुतियों में यह मान्यता रही है कि वनवास काल के दौरान भगवान श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण का इस क्षेत्र से संबंध रहा। वर्षों से श्रद्धालु इस स्थल को आस्था केंद्र के रूप में पूजते आ रहे हैं। यहां स्थित प्राचीन गुफाएं, प्राकृतिक शिलाएं और पारंपरिक धार्मिक आयोजन इस बात के साक्षी माने जाते हैं कि यह स्थल धार्मिक दृष्टि से विशेष महत्व रखता है। उन्होंने बताया कि लंबे समय से



सामाजिक संगठनों, धर्मप्रेमियों और क्षेत्रवासियों द्वारा इस स्थल को राम पथ गमन योजना में शामिल करने की मांग की जा रही थी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के शहडोल आगमन के दौरान यह विषय प्रमुखता से रखा गया, जिस पर सकारात्मक निर्णय लिया गया। साहू ने कहा कि यह केवल एक प्रशासनिक घोषणा नहीं, बल्कि क्षेत्र की आस्था और सांस्कृतिक अस्मिता का सम्मान है। जेपी साहू के अनुसार, राम पथ गमन में शामिल होने से गढ़िया-गधियां क्षेत्र में धार्मिक पर्यटन को नई गति मिलेगी। सड़क, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, श्रद्धालुओं के ठहरने की सुविधा और अन्य आधारभूत संरचनाओं का विकास होगा। इससे स्थानीय व्यापार को बढ़ावा मिलेगा तथा युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि यह निर्णय सनातन संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इससे न केवल क्षेत्र की पहचान राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत होगी, बल्कि आने वाले समय में यह स्थल प्रमुख आस्था केंद्र के रूप में स्थापित होगा।

# भारतीय रेलवे मजदूर संघ का विभिन्न मांगों पर प्रदर्शन, कर्मचारियों की लंबित समस्याओं पर प्रशासन से हुई चर्चा


**दैनिक रेवांचल टाइम्स शहडोल।** भारतीय मजदूर संघ के अधिवेशन में लिए गए निर्णय के तहत राष्ट्रव्यापी आंदोलन की घोषणा के क्रम में भारतीय रेलवे मजदूर संघ ने भी विभिन्न मांगों को लेकर देशभर में विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया। इसी कड़ी में बिलासपुर में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मजदूर संघ द्वारा जोरदार प्रदर्शन किया गया। राष्ट्रीय महामंत्री संतोष पटेल की उपस्थिति में तथा मंडल सचिव प्रोम्पी सिंह के नेतृत्व में कर्मचारियों की लंबित एवं ज्वलंत समस्याएं प्रधान कार्मिक अधिकारी, सचिव महाप्रबंधक एवं मंडल रेल प्रबंधक बिलासपुर के समक्ष विस्तार से रखी गईं। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष राकेश साहू ने की। प्रशासन के साथ विभिन्न बिंदुओं पर गंभीर चर्चा हुई और शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया गया। संघ की मांग पर मंडल रेल प्रबंधक ने निर्देश दिया कि सर्वाइकल कैंसर के टीके अब केवल बिलासपुर मुख्यालय ही नहीं, बल्कि सभी उप मंडलीय चिकित्सालयों में भी उपलब्ध कराए जाएंगे। रनिंग कर्मचारियों के लिए न्यूनतम माइलेज 120 करने, ओवरटाइम भुगतान, प्राइवेट मेडिकल सुविधा बहाल करने और लंबित ट्रांसफर प्रकरणों के निपटारे की मांग उठाई गई। उ&ह



विभाग में 12 घंटे ड्यूटी व्यवस्था संतुलित करने, पिट लाइन में जलभराव की समस्या दूर करने, स्टाफ की कमी पूरी करने तथा मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया। इंजीनियरिंग विभाग में ट्रैक मेंटेनरों को सेफ्टी गियर और भत्तों के भुगतान की मांग की गई। सिग्नल विभाग में पदोन्नति एवं छ्ऊए परीक्षा नियमित कराने का मुद्दा प्रमुख रहा। संघ ने स्पष्ट किया कि ये सभी मुद्दे कर्मचारी हित और सुरक्षा से जुड़े हैं। प्रशासन ने प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। संघ ने कहा कि समस्याओं के समाधान तक संघर्ष जारी रहेगा।

# रेल्वे स्टेशन छुलहा में ट्रेनों के स्टॉपेज के लिए ग्रामीणों ने सांसद को सौपा ज्ञापन

**दैनिक रेवांचल टाइम्स अनूपपुर।** रेल्वे स्टेशन छुलहा में ट्रेनों के स्टॉपेज को पूर्ववत कराये जाने हेतु लोकसभा क्षेत्र के सांसद हिमाद्री सिंह को सेंदुरी के ग्रामीणों ने ज्ञापन सौपा है। विषयांतर्गत के संबंध में लेख किया है कि रेल्वे स्टेशन छुलहा ग्राम सेन्दुरी, छुलहा, मौहरी, अमगवाँ व बेला, पिपरिया पंचायत के करीबी व सुगम यातायात हेतु करीबी रेल्वे स्टेशन है, जहाँ से उक्त ग्रामों की जनता, छात्र-छात्रा, मजदूर व किसान आदि अपनी सुगम, सरल व सहज यात्रा हेतु ट्रेनों की सुविधा का लाभ लेते रहे हैं। उक्त गाँव बड़े ग्राम पंचायत हैं जहाँ पर लगभग 25000 के जनसंख्या है। उक्त क्षेत्र कृषि प्रधान आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है जहाँ सुविधाओं की बहुत आवश्यकतायें हैं, किंतु कोराना कॉल के समय से ट्रेनों के बदले परिचालन व स्टॉपेज के कारण प्राप्त सुविधाओं से भी यहाँ की जनता वंचित हो गई है। पहले छुलहा रेल्वे स्टेशन में बिलासपुर-रीवा



माननीय सांसद महोदया
लोक सभा क्षेत्र शहडोल
भारत सरकार (दिल्ली)

विषय- रेल्वे स्टेशन छुलहा में ट्रेनों के स्टॉपेज को पूर्ववत कराये जाने वावत।

महोदया,

विषयांतर्गत के संबंध में लेख कर सादर निवेदन है, कि :-

1. यहकि, रेल्वे स्टेशन छुलहा ग्राम सेन्दुरी, छुलहा, मौहरी, अमगवॉ व बेला, पिपरिया पंचायत के करीबी व सुगम यातायात हेतु करीबी रेल्वे स्टेशन है, जहॉ से उक्त ग्रामों की जनता, छात्र-छात्रा, मजदूर व किसान आदि अपनी सुगम, सरल व सहज यात्रा हेतु ट्रेनों की सुविधा का लाभ लेते रहे हैं। उक्त गॉव बड़े ग्राम पंचायत हैं जहॉ पर लगभग 25000 के जनसंख्या है।

2. यहकि, उक्त क्षेत्र कृषि प्रधान आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है जहॉ सुविधाओं की बहुत आवश्यकतायें हैं, किंतु कोराना कॉल के समय से ट्रेनों के बदले परिचालन व स्टॉपेज के कारण प्राप्त सुविधाओं से भी यहॉ की जनता वंचित हो गई है। पहले छुलहा रेल्वे स्टेशन में बिलासपुर-रीवा एक्सप्रेस, रीवा-बिलासपुर एक्सप्रेस, भोपाल-बिलासपुर एक्सप्रेस, बिलासपुर-भोपाल एक्सप्रेस, इंदौर-बिलासपुर एक्सप्रेस व बिलासपुर-इंदौर एक्सप्रेस ट्रेनों का स्टॉपेज थी जो बाधित है व यहॉ की जनता उक्त सेवाओं से वंचित होकर असुविधा का शिकार व आर्थिक क्षति का शिकार है।

3. यहकि, यहॉ के छात्र-छात्रा, फौजी जवान, नौकरी पेशा व्यक्ति, किसान व आम आदमी आवश्यक कार्य हेतु लम्बी यात्रा जो शिक्षा के लिये, स्वास्थ्य के लिये व बाजार व अन्य सेवाओं के लिये उक्त ट्रेनों के सस्ते सुगम यात्रा व सेवा से वंचित हैं। जन हित में उक्त ट्रनों का स्टॉपेज छुलहा रेल्वे स्टेशन में पूर्ववत बहाल कराने व सुविधा का लाभ दिलाया जाना अति आवश्यक है। वहीं छुलहा-मौहरी रेल्वे लाईन में मानव रहित फाटक बंद कर दी गई है उस पर अण्डर ब्रिज आवश्यक है, जिससे किसानों के 100 एकड़ से भी अधिक भूमि पर कृषि कार्य जो बाधित पुनः सुचारू रूप से हो सके।

एक्सप्रेस, रीवा-बिलासपुर एक्सप्रेस, भोपाल-बिलासपुर एक्सप्रेस, बिलासपुर-भोपाल एक्सप्रेस, इंदौर-बिलासपुर एक्सप्रेस व बिलासपुर-इंदौर एक्सप्रेस ट्रेनों का स्टॉपेज थी जो बाधित है व यहाँ की जनता उक्त सेवाओं से वंचित होकर असुविधा का शिकार व आर्थिक क्षति का शिकार है। यहाँ के छात्र-छात्रा, फौजी जवान, नौकरी पेशा व्यक्ति, किसान व आम आदमी आवश्यक कार्य हेतु लम्बी यात्रा जो शिक्षा के लिये, स्वास्थ्य के लिये व बाजार व अन्य सेवाओं के लिये उक्त ट्रेनों के सस्ते सुगम यात्रा व सेवा से वंचित हैं। जन हित में उक्त ट्रनों का स्टॉपेज छुलहा रेल्वे स्टेशन में पूर्ववत बहाल कराने व सुविधा का लाभ दिलाया जाना अति आवश्यक है। वहीं छुलहा-मौहरी रेल्वे लाईन में मानव रहित फाटक बंद कर दी गई है उस पर अण्डर ब्रिज आवश्यक है, जिससे किसानों के 100 एकड़ से भी अधिक भूमि पर कृषि कार्य जो बाधित पुनः सुचारू रूप से हो सके। ग्रामीण जन भारी मात्रा में उपस्थित होकर स्टेशन मास्टर को उक्त वावत ज्ञापन सौंप चुके हैं किंतु कोई कार्यवाही अब तक नहीं हो सका है।

# शोभा नामदेव हत्याकांड में एक माह बाद भी पुलिस के हाथ खाली, परिजनों ने भालूमाड़ा थाना प्रभारी पर लगाए लापरवाही के आरोप

**दैनिक रेवांचल टाइम्स अनुपपुर।** अनूपपुर जिले के भालूमाड़ा थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत दारसागर क्षेत्र में हुई एक संदिग्ध हत्या के मामले में पुलिस की कार्यप्रणाली अब सवालों के घेरे में है। 10 जनवरी 2026 को बागडुमरा रोड से भाद की ओर जाने वाली कच्ची सड़क पर बरामद हुए शव के मामले में एक महीना बीत जाने के बाद भी आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं। क्या था पूरा मामला ? बीते 10 जनवरी को ग्रामीणों ने सड़क किनारे एक अज्ञात व्यक्ति का लहूलुहान शव और उसके पास ही एक दोपहिया वाहन देखा था। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने मृतक की शिनाख्त भालूमाड़ा के 03 नंबर दफाई



निवासी शोभा नामदेव के रूप में की थी। घटनास्थल की स्थिति और शरीर पर मौजूद चोटों के निशान प्रथम दृष्टया हत्या की ओर इशारा कर रहे थे, जिसके बाद पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की थी। परिजनों का फूटा गुस्सा घटना के लगभग 30 दिन बीत जाने के बाद भी मामले में कोई ठोस प्रगति न होने से मृतक के परिजनों में भारी आक्रोश है। परिजनों का सीधा आरोप है कि भालूमाड़ा थाना प्रभारी द्वारा मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है। उनका कहना है कि पुलिस ने संदिग्धों से पूछताछ करने या साक्ष्य जुटाने में कोई सक्रियता नहीं दिखाई है। परिजनों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही दोषियों को गिरफ्तार नहीं किया गया, तो वे उच्चाधिकारियों के समक्ष गुहार लगाएंगे और आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। पुलिस की चुप्पी पर सवाल- क्षेत्र में यह चर्चा का विषय बना हुआ है कि दिनदहाड़े हुई इस संदिग्ध मौत के मामले में पुलिस अब तक किसी नतीजे पर क्यों नहीं पहुंच पाई? क्या साक्ष्यों की कमी है या जांच में जानबूझकर ढिलाई बरती जा रही है।

# बिना चबूतरा निर्माण के आहरित की धन राशि, ग्राम पंचायत बिछिया में बह रही भष्ट्राचार की गंगा

**दैनिक रेवांचल टाइम्स उमरिया।** जिले के करकेली जनपद पंचायत की दुरांचल में स्थित ग्राम पंचायत बिछिया भष्ट्राचार का अखाड़ा बनकर रह गया है। इस ग्राम पंचायत में घटिया निर्माण कार्यों का पुराना इतिहास तो पहले से ही जग जाहिर बना हुआ है ही उन कार्यों में प्रशासनिक अधिकारियों की संलिप्तता से ग्राम पंचायत के सरपंच और सचिव इतने हौसले बुलंद है की अब बिना निर्माण कार्य किये बिना ही शासकीय धन राशि को आहरित कर हजम करने का खेल जारी है। विदित होवे की बिछिया ग्राम पंचायत में ठाकुर देव  के पास चबूतरा निर्माण के लिए 02 अक्टूबर 2025 को 1.78.000 (एक लाख अठहत्तर हजार) रुपए की लागत से पांचवे वित्त योजना से प्राप्त राशि से स्वीकृत किया गया था, जो कार्य शुरू नहीं किया गया, लेकिन कार्य के लिये स्वीकृत राशि को फर्जी देयको के आधार पर आहरित किया गया है, जो देयक लगाये गये हैं, उनमें श्री राम टेडर्स का राड और सीमेंट का देयक बिना नंबर के 25-1-26 का पांच क्विंटल राड का 5500.00 रुपए की दर से 27500.00और सीमेंट 103 बोरी दर 300.00 के मान से 31500.00 कुल राशि 59000.00




की आहरित की गयी है , इसी तरह सेंटरिंग के नाम पर माँ बिरासनी टेडर्स सुन्दर दादर तिवनी का 20100.00 रुपए का बिल 23-2-26 को आहरित कर लिया गया है। जानकार सूत्रों का कहना है की माँ टेडर्स सुन्दर दादर में सेंटिंग की कोई दूकान संचालित नही है,फिर भी ऐरे गैरे नत्थू खैरो के नाम पर फर्जी बिल लगाकर शासकीय धन राशि को हजम किया जा रहा है।  इस तरह बिना चबूतरा निर्माण कार्य के ही शासकीय धन राशि की होली खेली जा रही है। बिछिया ग्राम पंचायत का यह कोई पहला मामला सामने नहीं आया है, इस तरह दर्जनों निर्माण कार्यों के नाम पर शासकीय धन राशि आहरित कर सरपंच सचिव हजम करने में जुटे हुए हैं। यह धांधली न सिर्फ ग्राम पंचायत की कार्य ऐजेन्सी कर रही है, इसमें उपयंत्री की संलिप्तता भी बनी हुई है। विदित होवे की यहाँ पर वही उपयंत्री पदस्थ है जो की इसके पहले पाली जनपद पंचायत में पदस्थ रहते हुए लंबी शासकीय धन राशि की चपत लगायी है और जिसका दंश वहा के रोजगार सहायक को आज भी निलंबन के रूप में भुगतना पड़ रहा है। ध्यान देने योग्य है की उमरिया जिले में इस तरह के फर्जी वाडे ग्राम पंचायतों में खूब फल फूल रहे हैं, जिनमें इन पंचायतों के उपयंत्री की सग्गाममित्ती बनी रहती है, फिर भी कभी भी उपयंत्री के ऊपर वैधानिक कार्यवाही नहीं की जाती। बिछिया ग्राम पंचायत में इन तीनों की जोड़ी विकास कार्यों के नाम पर शासकीय धन राशि का लंबी चपत लगाने में जुटे हुए हैं। देखना लाजिमी होगा की जिला प्रशासन ऐसे घोटाले बाजों के विरुद्ध क्या कदम उठाती है।

# उप जेल में पदस्थ जेल प्रहरी की मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई, हुई मौत

**दैनिक रेवांचल टाइम्स शहडोल।** जिले के ब्यौहारी उप जेल में पदस्थ एक जेल प्रहरी की दर्दनाक सड़क हादसे में मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब प्रहरी ड्यूटी के लिए घर से निकले थे और रास्ते में उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि मौके पर ही उनकी जान चली गई। पुलिस के अनुसार मृतक प्रहरी की पहचान 29 वर्षीय अभिषेक सिंह के रूप में हुई है, जो उप जेल ब्यौहारी में पदस्थ थे। गुरुवार तड़के उनकी सुबह की शिफ्ट थी। वे अपने कमरे से बाइक लेकर ड्यूटी के लिए निकले थे। इसी दौरान ब्यौहारी थाना क्षेत्र अंतर्गत न्यायालय के सामने उनकी बाइक अचानक अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे लगे एक पेड़ से जा भिड़ी। हादसे में अभिषेक सिंह के सिर में गंभीर चोट आई। घटना के बाद वहां से गुजर



रहे वाहन चालकों ने घायल अवस्था में उन्हें देखा और तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक अभिषेक की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अस्पताल भिजवाया। घटना की जानकारी मिलते ही उप जेल ब्यौहारी के अधिकारी और कर्मचारी भी घटनास्थल पर पहुंच गए। साथी कर्मचारी अपने सहकर्मी की असमय मौत से स्तब्ध नजर आए। अस्पताल में शव को पोस्टमार्टम के लिए सुरक्षित रखवाया गया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में हादसा सड़क दुर्घटना का प्रतीत हो रहा है, हालांकि पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है। परिजन भी अस्पताल पहुंच गए हैं। पोस्टमार्टम की कार्रवाई पूरी होने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

## संपादकीय

# आयरन डोम की दोस्ती

प्रधानमंत्री मोदी ने जैसे ही इजरायल की संसद को संबोधित किया, वह प्रथम भारतीय प्रधानमंत्री बन गए, लेकिन 18 देशों की संसद को संबोधित करने वाले वह एकमात्र प्रधानमंत्री हैं। यह किसी की व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं है, बल्कि भारतीय लोकतंत्र की ताकत है। प्रधानमंत्री के जरिए भारत का सम्मान और कीर्तिमान सामने आया है। भारत विश्व की एक महाशक्ति है, सबसे तेज विकसित होती अर्थव्यवस्था है और सबसे विशाल, सशक्त लोकतंत्र है। यह इजरायल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने भी माना और ज्ञापित किया है। प्रधानमंत्री मोदी ऐसे देश में दोबारा गए, जिसे 10 अरब देश मान्यता ही नहीं देते, लेकिन किसी भी मुस्लिम देश ने प्रधानमंत्री मोदी के दौरे का घोषित विरोध नहीं किया। वैसे भारत में भी वामपंथी किस्म की ताकतें चिलचिलाती रही हैं कि इजरायल की मान्यता रद्द करें। इजरायल को भारत ने मान्यता 1992 में तब दी थी, जब केंद्र में कांग्रेस की पीवी नरसिम्हा राव सरकार थी और कुछ वामपंथी सांसद भी उस अल्पमत सरकार को समर्थन दे रहे थे। बहरहाल महत्वपूर्ण सवाल यह है कि करीब 1.20 करोड़ की आबादी वाला इजरायल, मेघालय राज्य के लगभग बराबर, 147 करोड़ से अधिक की सर्वाधिक आबादी वाले भारत के लिए इतना जरूरी और रणनीतिक साझेदार क्यों है? क्योंकि नवाचार, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, एआई, साइबर सुरक्षा, हाईटेक विनिर्माण, सेवाओं, रेगिस्तान में खेती, पानी प्रौद्योगिकी और रक्षा सहयोग के संदर्भ में इजरायल भी भारत का आजमाया हुआ मित्र-देश है। वह भारत को हैरोन ड्रोन देगा, जो 35,000 फुट की ऊंचाई पर लगातार 45 घंटे तक और 470 किग्रा सामान लेकर उड? में सक्षम है। इजरायल ड्रोन प्रौद्योगिकी का मास्टर देश है। वह नवाचार का भी पॉवरहाउस है। उसने कृषि में क्रांति की है और वह आयरन डोम वायु रक्षा प्रणाली वाला देश है, जिसकी सफलता-दर 90 फीसदी के करीब है। खुफियागीरी में मोसाद के कारनामे अद्वितीय हैं। राजधानी दिल्ली से आधे से भी छोटा देश और भारत का तीसरा सबसे बड़ा रक्षा-सहयोगी और रणनीतिकार देश..! सबसे अधिक 36 फीसदी रक्षा उत्पाद और हथियार आदि रूस और 33 फीसदी फ्रांस हमें सप्लाई करते हैं, लेकिन 13 फीसदी का योगदान इजरायल का भी है। आयरन डोम ऐसा सिस्टम है, जो इजरायल ने सिर्फ अमरीका को ही दिया है और अब भारत को मुहैया करा सकता है। दोनों देशों के बीच रक्षा और व्यापार समझौतों की घोषणा में स्पष्ट हो जाएगा कि इजरायल हमें किन आधारों पर आयरन डोम देगा। वाकई यह भारत-इजरायल की आयरन डोम दोस्ती और भाईचारे का नया अध्याय है। दोनों देशों के संबंध 2000 साल पुराने हैं। इसका प्रधानमंत्री मोदी ने उल्लेख किया है और इजरायल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने भी कहा है कि दोनों प्राचीन सभ्यताओं वाले देश हैं। भारत यहूदियों का अपना घर है। भारत के प्रमुख शहरों में यहूदी बसे हुए हैं। प्रताड ?ा या शोषण अथवा हिंसा का कोई भी प्रमुख मामला सामने नहीं है। बल्कि भारत में इजरायल के सबसे अधिक स्टार्टअप सक्रिय हैं और भारत सरकार भी उनकी मदद कर रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने दोनों देशों को आतंकवाद से पीड़ित माना और मुंबई के 26/11 आतंकी हमले और इजरायल में 7 अक्तूबर, 2023 को हमास के नरसंहार को एकसमान करार दिया। हमास नरसंहार की निंदा की। प्रधानमंत्री ने इजरायली संसद के मंच से कहा कि नागरिकों की हत्या किसी भी तरह न्यायसंगत नहीं है। बहरहाल भारत-इजरायल की आयरन डोम दोस्ती और साझेदारी परवान चढ़ रही है।

# राहुल गांधी के शेर

भारतीय राजनीति का दुखांत इतना ही नहीं है। वह इससे भी आगे जाता है। उसकी मां इस बात पर जिद्द किए बैठी हैं कि इसे हर हालत में भारत का प्रधानमंत्री बनाना है। बस एक छलांग ही तो बची है। अब ह्यविपक्ष के नेताह्न तक की सीढ़ी पर तो बैठे ही हैं। राहुल गांधी की भी अपनी जिद्द है। जब तक प्रधानमंत्री नहीं बना देते तब तक मेरे ये ह्यशेरह्न हर जगह, मौके-बेमौके ऐसे ही घूमेंगे। लेकिन लगता है पानी सिर से गुजरने लगा है। कपड़े उतारकर प्रदर्शन करने वाले इन दस नेताओं की पिटाई वहां की साधारण जनता ने कर दी। क्या कांग्रेस या राहुल गांधी इस प्रकरण से कुछ सीखेंगे कृत्रिम बुद्धिमत्ता को लेकर आजकल दुनिया के सब देशों में चर्चा चल रही है। कहा जा रहा है कि भविष्य इसी बुद्धिमता का बचा है। इसको लेकर चौथा विश्व सम्मेलन पिछले दिनों भारत की राजधानी दिल्ली के भारत मंडपम में हुआ था। इस सम्मेलन में दुनिया भर के वैज्ञानिक, उद्योगपति, राजनीतिज्ञ, विश्वविद्यालय, छात्र व अन्य लोग एकत्रित हुए थे। कई देशों के मुखिया इसमें भाग ले रहे थे। भारत के लिए यह सचमुच गौरव की बात थी कि इस वैश्विक सम्मेलन का आयोजन करने का अवसर उसे मिल रहा था। लेकिन कांग्रेस के कुछ नेताओं ने इसमें गड़बड़ करने की शायद पहले से ही योजना बना रखी थी। उसके दस नेताओं ने इस सम्मेलन में भाग लेने के लिए ऑनलाइन पंजीकरण करवा रखा था। इसके लिए यकीनन गुप्त रूप से तैयारी की गई होगी। किसी प्रेस से टी-शर्ट पर नरेंद्र मोदी की टीका टिप्पणी वाला चित्र छपवाया गया। उस टी शर्ट पर एक दूसरी साधारण कमीज पहन ली गई। पंजीकरण तो था ही। इस प्रकार कांग्रेस के ये दस नेता भारत मंडपम में दाखिल हो गए। कांग्रेस के इन नेताओं ने वहां विश्वभर के लोगों के सामने अपने शरीर के ऊपरी भाग के कपड़े उतार दिए।



शुरू में तो वहां एकत्रित लोगों ने यही समझा कि ये भी शायद एआई से निर्मित भारत के रोबोट हैं जिनका प्रदर्शन किया जा रहा है। सम्मेलन के शुरू में ही गलगोटिया विश्वविद्यालय ने एक कृत्रिम चीनी कुत्ते को अपना कह कर भद्द पिटवा ली थी। इसलिए नारे लगाते इन दस लोगों को देख कर शुरू में भ्रम होना ही था कि शायद भारत निर्मित रोबोट हैं। कुछ लोगों ने तो यह भी समझा होगा कि भारत ने एआई के क्षेत्र में इतनी बड़ी छलांग लगा ली है कि वह आर्गेनिक एआई तक पहुंच गया है जहां रोबोट मनुष्यों की तरह सोचता भी है। चेतना युक्त रोबोट। लेकिन फिर इन दस नेताओं ने अलग अलग मुद्राओं में नरेन्द्र मोदी के खिलाफ नारे लगाने शुरू कर दिए। इनका कहना था कि ये वहां नरेन्द्र मोदी के खिलाफ प्रदर्शन करने के लिए गए थे। कुछ दिन बाद सोनिया गान्धी परिवार के राहुल गान्धी ने स्वयं खुलासा किया कि ये उसके ह्यशेरह्न थे। अब मामला साफ हो गया था कि यह सारी करतूत किसकी और क्यों थी। पहले चीनी कुत्ते ने भद्द पिटवाई और अब राहुल गान्धी के दस शेरों ने। प्रदर्शन करना कोई बुरी चीज नहीं है। यह समय समय पर करते रहना चाहिए। उससे पता चलता रहता है कि इस दिशा में भी देश कितनी प्रगति कर रहा है। इस काम के लिए भारत ने तो स्थान और सुविधा भी दे रखी है। दिल्ली में ही जहां राहुल गान्धी के दस शेर भारत मंडपम में घुस गए गए थे, सरकार ने जंतर मंतर पर प्रदर्शनों की सब प्रकार की ह्यसुविधापूर्ण प्रदर्शन स्थलीह्न बना रखी है। लेकिन इन दस शेरों को शायद दुनिया के आगे नरेन्द्र मोदी के खिलाफ प्रदर्शन करना था। परन्तु एक और प्रश्न भी पैदा होता है। यह विश्व सम्मेलन तो ह्यभारतह्न का था। यह सम्मेलन मोदी का नहीं था। यहां प्रदर्शन या विरोध का अर्थ था भारत का विरोध। यहां लगाए गए नारे परोक्ष रूप से भारत के खिलाफ लगाए गए नारे ही थे। दरअसल जब कोई व्यक्ति या संस्था अपनी सामान्य बुद्धि से कार्य करती है तो वह कार्य तार्किक हो सकता है। लेकिन जब किसी व्यक्ति या संस्था का संचालन कृत्रिम बुद्धिमत्ता से किया जाने लगे तो उसका विश्लेषण सामान्य पैमानों से नहीं किया जा सकता। उदाहरण के लिए यदि प्रश्न पूछा जाए कि कृत्रिम बुद्धि से संचालित व्यक्ति कैसा व्यवहार कर सकता है, तो इसके कई उत्तर हो सकते हैं, मसलन वह आग में भी कूद सकता है, समुद्र में भी छलांग लगा सकता है, हवा में भी उड़ सकता है, भरी सभा में अपने कपड़े भी उतार सकता है, किसी को खंजर भी घोंप सकता है। यही कारण है कि आजकल जहां एआई यानी कृत्रिम बुद्धिमत्ता के लाभों की चर्चा हो रही है वहीं उसके नुकसानों पर भी चर्चा होने लगी है। एआई की सीमा यह है कि उसका नियंत्रण किसी दूसरे के हाथ में होता है।

जैसे कठपुतलियों का नाच बगैरह। लेकिन कई बार गड़बड़ हो जाती है। विवाह में नाचने वाली कठपुतली फिजिक्स के सेमिनार में नाचने लगती है। यकीनन तब वहां शिरकत कर रहा कोई भी उसकी कला की प्रशंसा तो नहीं करेगा बल्कि कहेगा, इसको यहां से निकालो। यदि वही कठपुतली किसी विवाह स्थल पर अपनी कला का प्रदर्शन करेगी तो वाहवाही बटोरेगी। कांग्रेस के ये दस बड़े नेता जो भारत मंडपम में विविध भाव भंगिमाओं में अपनी कला का प्रदर्शन कर रहे थे यकीनन वाहवाही तो नहीं ही बटोर रहे थे। लेकिन वाहवाही बटोरना उनका शायद उद्देश्य भी नहीं था। उनका उद्देश्य तो भारत की भद्द पिटवाना था। कोई भी मौका हो, कोई भी स्थान हो, वे भारत की भद्द पिटवाने का कोई भी मौका हाथ से नहीं जाने देंगे। अब तो यह भी कहा जाने लगा है कि गलगोटिया विश्वविद्यालय के चीनी कुत्ते के प्रकरण की भी बाकायदा जांच की जाए, वहां भी कहीं इन ह्यभद्द पिटवाने वाली जुंडलीह्न के तार तो नहीं जुड़े हुए। कुछ लोगों ने यह भी कहा कि कांग्रेस के कुछ कार्यकताओं ने अति उत्साह में आकर यह हरकत की है, शायद वे अपने नेताओं की नजर में अपनी कीमत बढ़वाना चाहते होंगे। शायद ऐसा मान भी लिया गया होता। इस थ्योरी का खंडन स्वयं राहुल गान्धी ने ही समय रहते कर दिया। उसके कहने का भाव यह था कि इन्हें कोई साधारण कार्यकर्ता न समझ लें। ये तो उसके ह्यशेरह्न हैं। इस मरहले पर डा. नवजोत कौर सिद्धु का ध्यान आता है। सिद्धु परिवार का राहुल गान्धी और प्रियंका गान्धी के साथ बहुत अपनत्व वाला संबंध रहा है।

अपने इन लंबे संबंधों का विश्लेषण करते हुए कुछ दिन पहले ही डा. सिद्धु ने राहुल गान्धी पर टिप्पणी करते हुए दुःख प्रकट किया था कि वह ह्यपप्पूह्न के स्तर से ऊपर नहीं उठ पा रहा है। लेकिन भारतीय राजनीति का दुखान्त इतना ही नहीं है। वह इससे भी आगे जाता है। उसकी मां इस बात पर जिद्द किए बैठी हैं कि इसे हर हालत में भारत का प्रधानमंत्री बनाना है। बस एक छलांग ही तो बची है। अब ह्यविपक्ष के नेताह्न तक की सीढ़ी पर तो बैठे ही हैं। राहुल गान्धी की भी अपनी जिद्द है। जब तक प्रधानमंत्री नहीं बना देते तब तक मेरे ये ह्यशेरह्न हर जगह, मौके बेमौके ऐसे ही घूमेंगे। लेकिन लगता है पानी सिर से गुजरने लगा है। कपड़े उतारकर प्रदर्शन करने वाले इन दस नेताओं की पिटाई वहां की साधारण जनता ने कर दी। क्या कांग्रेस या राहुल गान्धी इस प्रकरण से कुछ सीखेंगे? जिन्होंने हरियाणा, बिहार, महाराष्ट्र के चुनावों से कुछ नहीं सीखा, वे अब अपनी ही इन रोबोटनुमा हरकतों से भला क्या सीख सकते हैं। अलबत्ता भारत के लोग इससे अवश्य सीख लेंगे कि यह कांग्रेस अब महात्मा गान्धी वाली कांग्रेस नहीं रही, जिस प्रकार हिमाचल वाली कांग्रेस राजा वीरभद्र वाली कांग्रेस नहीं रही। अब कांग्रेस कृत्रिम बुद्धि से संचालित होती है। इस कृत्रिम बुद्धि का चाकू किसी सही व्यक्ति के हाथ में हो तो सर्जरी के काम आता है और किसी दूसरे के पास चला जाए तो गला काटने के काम आता है। राहुल गान्धी के ये शेर भारत मंडपम में यही काम कर रहे थे।

## राशिफल

मेष राशि :- धन का व्यय होगा, तनाव पूर्ण वातावरण से बचने का प्रयास करें, स्वास्थ्य नरम रहेगा।

वृष राशि :- अधिकारियों के समर्थन से साधन जुटायेंगे, शुभ समाचार अवश्य ही मिलेगा।

मिथुन राशि :- चिन्तायें कम होंगी, सफलता के साधन जुटायेंगे, शुभ समाचार से हर्ष होगा।

कर्क राशि :- बड़े-बड़े लोगों से मेल-मिलाप होगा, सुख-समृद्धि के साधन अवश्य ही बनेंगे।

सिंह राशि :- स्त्री वर्ग से हर्ष-उल्लास होगा, भोग-ऐश्वर्य की प्राप्ति होगी, कार्यगति उत्तम होगी।

कन्या राशि :- प्रतिष्ठा बाल-बाल बचे, संघर्ष से अधिकार प्राप्त करेंगे, भाग्य आपका साथ देगा।

तुला राशि :- कुटुम्ब और धन की चिन्ता बनी ही रहेगी, सोचे कार्य परिश्रम से पूर्ण होंगे ध्यान दें।

वृश्चिक राशि :- प्रत्येक कार्य में बाधा क्लेशयुक्त रखे, स्थिति सामर्थ योग्य बनेगी ध्यान अवश्य दें।

धनु राशि :- भावनायें विक्षुब्ध रहेंगी, दैनिक कार्यगति मदं रहेगी, परिश्रम से कार्य अवश्य बनेंगे।

मकर राशि :- तनाव, क्लेश व अशांति, धन का व्यय, मानसिक खिन्नता अवश्य ही बनेगी।

कुंभ राशि :- कार्य कुशलता से संतोष, व्यवसायिक समृद्धि के साधन अवश्य ही जुटायेंगे।

मीन राशि :- कुटुम्ब के कार्यो में समय बीतेगा तथा हर्षप्रद समाचार मिलेगा, मित्र मिलेंगे।

# रमजान में सिर्फ परंपरा नहीं, हेल्थ का खजाना है खजूर

रमजान में महीने भर खजूर खाने से न सिर्फ तुरंत एनर्जी मिलती है, बल्कि इसका फाइबर पाचन को सुधारकर कब्ज जैसी आम समस्या को भी दूर करता है। यह इफ्तार की एक पौष्टिक शुरूआत है जो आपको ओवरईटिंग से बचाकर सेहतमंद रखती है।

इस्लाम में रमजान को पाक महीना माना जाता है। रमजान के दौरान अल्लाह की इबादत, संयम और सेहत के लिए खास संगम है। इस दौरान लोग दिनभर रोजा रखते हैं जब इफ्तार का समय आता है, तो सबसे पहले खजूर ही खाया जाता है। इसको परंपरा नहीं बल्कि हेल्दी आदत भी मानी जाती है। खासतौर पर खजूर शरीर को तुरंत एनर्जी प्रदान करता है और लंबे समय तक भूखे रहने के बाद होने वाली कमजोरी को भी दूर करता है।

हेल्थ एक्सपर्ट भी बताते हैं कि, यदि आप पूरे रमजान में रोजाना खजूर खाते हैं, तो इसका असर आपकी एनर्जी, डाइजेशन, हार्ट हेल्थ और ओवरऑल वेलनेस पर साफ दिखाई देता है। इसमें मौजूद नेचुरल शुगर, फाइबर, विटामिन्स और मिनरल्स शरीर को पोषण देता है। रोजे के दौरान होने वाली कई आम परेशानियों को कम करता



है। इसके अलावा, खजूर खाने के इफ्तार की शुरूआत हल्की और पौष्टिक रहती है, जिससे आप ओवरईटिंग से भी बचते हैं। आइए आपको बताते हैं 1 महीने तक खजूर खाने से शरीर क्या फायदे मिलते हैं।

### शरीर को एनर्जी मिलती है

जब आप रोजा खोलते है तो खजूर का सेवन जरुर करते हैं, यह थकान को तुरंत कम करती है। क्योंकि खजूर में सबसे ज्यादा विटामिन्स का स्त्रोत पाया जाता है। इसमें विटामिन अ और उ के साथ बी1, बी2, बी3, बी5 भी पाए जाते हैं। खजूर में प्रचुर मात्रा में पाए जाने वाले शुगर जैसे कोज, फ्रक्टोज और सुक्रोज तुरंत एनर्जी देते हैं। रमजान के दौरान खजूर खाने से शरीर को जरुरी पोषक तत्व मिलते हैं और अलग से सप्लीमेंट्स की जरुरत कम हो सकती है।

### रोजा रखने से कब्ज नहीं होगी

अक्सर लंबे समय से खाली पेट रहने के कारण रमजान में कब्ज की समस्या होने लगती है। खजूर में पाए जाने वाले फाइबर डाइजेशन को बेहतर बनाता है और आंतों की सफाई में मदद करता है। इफ्तार में खजूर खाने से डाइजेशन सही रहता है और कब्ज से राहत प्राप्त होती है।

### दिल का रखता है ख्याल

खजूर में पर्याप्त मात्रा में फाइबर और पोटैशियम पाया जाता है, जो दिल को हेल्दी रखता है। पोटैशियम ब्लड प्रेशर को संतुलित रखता है और हार्ट हेल्थ को सपोर्ट करता है। रोजाना खजूर खाने से दिल संबंधित समस्याओं का खतरा कम होता है।

मूड भी अच्छा रहता है : खजूर में विटामिन इ कॉम्प्लेक्स होता है, जो ब्रेन को एक्टिव रखता है और रोजे के दौरान चिड़चिड़ापन कम करता है।

**ओवरईटिंग से बचाता है :** अगर आप इफ्तार से पहले खजूर खाते हैं तो भूख कंट्रोल रहती है, जिससे ज्यादा खाने से होने वाली गैस, एसिडिटी और अपच की समस्याओं से बचा जाता है।

**रमजान में खजूर का खाना क्यों खास है? :** खजूर एक तरह से नेचुरल सुपरफूड माना जाता है, जो शरीर को एनर्जी, फाइबर और जरुरी मिनरल्स देता है। यदि आप पूरे रमजान में प्रतिदिन 2-3 खजूर खाती हैं, तो आपको एनर्जी मिलेगी और डाइजेशन भी बेहतरीन रहता है व सेहत भी बढ़िया रहता है।

# मिंत्रा अपने 19वें जन्मदिन के अवसर पर लेकर आया मिंत्रा बर्थडे ब्लास्ट

जबलपुर। भारत के अग्रणी फैशन, ब्यूटी और लाईफस्टाईल डेस्टिनेशंस में से एक मिंत्रा अपने 19वें जन्मदिन के अवसर पर मिंत्रा बर्थडे ब्लास्ट (एमबीबी) लेकर आया है। यह ईवेंट 28 फरवरी से शुरू होगी। मिंत्रा इनसाईडर कस्टमर्स को 24 घंटे पहले यानी 27 फरवरी से इसकी अरली एक्सेस मिल जाएगी। इस एडिशन में फैशन, ब्यूटी और लाईफस्टाईल श्रेणियों में 20,000 से अधिक इंटरनेशनल और मेड-इन-इंडिया ब्रांड्स के 6 मिलियन से अधिक स्टाईल उपलब्ध होंगे। आगामी शादियों के सीजन और ईद एवं होली जैसे त्योहारों को देखते हुए इस एडिशन में मेंस और वीमेंस




एथनिक वियर, ब्यूटी और पर्सनल केयर एवं वॉच और वियरेबल्स की श्रेणियों में तेजी रहने की उम्मीद है। वीमेंस और मेंस वेस्टर्न वियर, मेंस एपरेल, स्पोर्ट्स वियर, और स्प्रिंग-समर एसेंशियल्स में भी अच्छी मांग रहेगी क्योंकि नए सीजन में शॉपर्स अपनी वारड्रोब को रिफ्रेश करते हैं। इस दौरान लोगों से मिलना-जुलना बढ़ने और ट्रैवर बढ़ने के कारण ट्रैवल एसेंशियल्स, फुटवियर, किड्स वियर, एक्सेसरीज और उपहारों की श्रेणियों में भी मांग बढ़ेगी। जिन ब्रांड्स की मांग ज्यादा रहने की उम्मीद है, उनमें एचएंडएम, नाईक, मैंगो, लेवीज, यू.एस. पोलो एसोसिएशन, अनूक, लिबास, स्काईबैग्स, सेरावे, बाथ एंड बॉडी वर्क्स और मैक शामिल हैं। मिंत्रा बर्थडे ब्लास्ट देश में लाखों लोगों के साथ अपने सफर को खुशनुमा बनाने के लिए हमारी एक खास ईवेंट है। मिंत्रा के 19 वर्ष पूरे होने पर, हम अपने ग्राहकों के प्यार और हजारों ब्रांड पार्टनर्स के विश्वास के लिए आभारी हैं, जिन्होंने देश में फैशन के परिदृश्य में परिवर्तन लाने में मुख्य भूमिका निभाई है। जहाँ हम ई-कॉमर्स के क्षेत्र में नए मानक स्थापित करते जा रहे हैं, वहीं हमारा ध्यान एक्सिलेंस बढ़ाते रहने और फैशन, ब्यूटी एवं लाईफस्टाईल शॉपिंग में आधुनिक ग्राहकों के अनुभव को लगातार बेहतर बनाने पर केंद्रित रहता है। मिंत्रा बर्थडे ब्लास्ट के इस नए एडिशन में फैशन, ब्यूटी और होम की श्रेणियों में नए कलेक्शन और नए ब्रांड लॉन्च पेश किए जाएंगे। फैशन में 30 से अधिक लॉन्च, जैसे हैसब्रो, मालाबार गोल्ड, मिवी, यूरियाज आदि शामिल हैं।

# होम्बले फिल्म्स की ग्लोबल छलांग, अब विदेशी धरती पर करेंगी फिल्मों का डिस्ट्रीब्यूशन




KGF चैप्टर 1, केजीएफ चैप्टर 2, कांतारा, कांतारा चैप्टर 1, सालार और महावतार नरसिम्हा जैसी यादगार ब्लॉकबस्टर फिल्मों के साथ भारतीय सिनेमा को एक नई पहचान देने के बाद, होम्बले फिल्म्स ने अब ओवरसीज डिस्ट्रीब्यूशन (विदेशों में फिल्म वितरण) के क्षेत्र में कदम रखने का आधिकारिक ऐलान कर दिया है। यह रणनीतिक विस्तार कंपनी के सफर में एक बड़ा और नया अध्याय है, जिसका मकसद भारतीय सिनेमा को दुनिया भर के बड़े दर्शकों तक पहुँचाना है। बड़े पैमाने पर ऐसी फिल्में बनाने के अपने शानदार रिकॉर्ड के साथ, जो हर भाषा और संस्कृति के लोगों को पसंद आती हैं, होम्बले फिल्म्स का लक्ष्य अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक मजबूत और फोकस्ड डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क खड़ा करना है। सबसे खास बात यह है कि यह पहल केवल होम्बले फिल्म्स की अपनी फिल्मों तक सीमित नहीं रहेगी। कंपनी देश भर के फिल्म निर्माताओं और प्रोडक्शन हाउस के साथ मिलकर काम करेगी ताकि भारत की अलग-अलग कहानियाँ दुनिया भर के दर्शकों तक पहुँच सकें। ओवरसीज डिस्ट्रीब्यूशन में कदम रखकर, होम्बले फिल्म्स भारतीय सिनेमा की ग्लोबल पहुंच को बढ़ाने के अपने वादे को और मजबूत कर रही है, ताकि इसे दुनिया के हर कोने में बैठे दर्शकों के करीब लाया जा सके।



रेवांचल टाइम्स की जनहित अपील

# हेलमेट है सुरक्षा कवच – जिम्मेदार नागरिक बनें, सुरक्षित सफर चुनें

विनोद दुबे जिला ब्यूरो

**दैनिक रेवांचल टाइम्स सिवनी। शासन द्वारा लागू हेलमेट नीति सड़क सुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसका उद्देश्य केवल चालान काटना नहीं, बल्कि हर परिवार को सुरक्षित रखना है। रेवांचल टाइम्स अखबार सभी नागरिकों से विनम्र अपील करता है कि वे सड़क पर निकलते समय अपनी और दूसरों की सुरक्षा को सर्वोपरि रखें।**



## नाबालिगों को वाहन न दें

अक्सर देखा जाता है कि कम उम्र के बच्चे दोपहिया वाहन चलाते नजर आते हैं। यह न केवल कानूनन अपराध है, बल्कि जानलेवा भी हो सकता है। अभिभावकों से आग्रह है कि वे नाबालिग बच्चों को वाहन चलाने की अनुमति न दें। एक छोटी सी लापरवाही पूरे परिवार के लिए जीवनभर का दुःख बन सकती है।

## हेलमेट पहनना आदत बनाएं

घर से निकलते समय जैसे हम मोबाइल या चाबी लेना नहीं भूलते, वैसे ही हेलमेट पहनना भी अपनी आदत का हिस्सा बनाएं। हेलमेट सिर की गंभीर चोटों से बचाव का सबसे प्रभावी साधन है। कृपया स्वयं भी पहनें और परिवारजनों को भी बिना हेलमेट बाहर न जाने दें।

## परिवार की भूमिका सबसे अहम

आपका पति, पुत्र, पुत्री या परिवार का कोई भी सदस्य जब घर से दोपहिया वाहन लेकर निकले, तो परिवार के लोग उसे हेलमेट लेने की याद अवश्य दिलाएं। यदि संभव हो तो घर में यह नियम बना दें कि ह्लबिना हेलमेट, बाहर नहीं।ह्व बच्चों और युवाओं में हेलमेट पहनने की आदत डालें। घर में समय-समय पर यातायात नियमों (ट्रैफिक रूल्स) के पालन को लेकर चर्चा करें, ताकि सुरक्षा संस्कार का हिस्सा बन जाए।

## सुरक्षित और संयमित वाहन चलाएं

तेज गति, गलत ओवरटेक और लापरवाही सड़क हादसों के मुख्य कारण हैं। वाहन हमेशा नियंत्रित गति में चलाएं। ध्यान रखें–आपकी सावधानी सामने से आने वाले की भी सुरक्षा सुनिश्चित करती है। सड़क पर धैर्य और अनुशासन ही असली समझदारी है।

## वाहन मॉडिफाई न करवाएं

बाइक के साइलेंसर में अनावश्यक बदलाव, तेज आवाज वाले हॉर्न या अवैध मॉडिफिकेशन न केवल कानून का उल्लंघन हैं, बल्कि आमजन की परेशानी और दुर्घटना का कारण भी बन सकते हैं। वाहन को कंपनी द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार ही रखें।

## रेवांचल टाइम्स की अपील

सड़क पर निकलते समय याद रखें–कोई आपका इंतजार कर रहा है।

हेलमेट पहनें, नियमों का पालन करें और दूसरों को भी प्रेरित करें।

सुरक्षित परिवार, सुरक्षित सिवनी – यही हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है।

# हवाला प्रकरण में चालक को जमानत, मुख्य आरोपी के बहनोई को पहले ही मिल चुकी है राहत



अधिवक्ता दीपांशु श्रीवास्तव



अधिवक्ता शेखर पाण्डेय

**दैनिक रेवांचल टाइम्स सिवनी-** जिले के बहुचर्चित हवाला लूट प्रकरण में एसडीओपी पूजा पांडे के वाहन चालक रितेश वर्मा को उच्च न्यायालय जबलपुर खंडपीठ से जमानत मिल गई है। न्यायालय ने उनकी नियमित जमानत अर्जी स्वीकार करते हुए रिहाई के आदेश दिए हैं। गौरतलब है कि 14 अक्टूबर 2025 को थाना लखनवाड़ा, जिला सिवनी में एफआईआर क्रमांक 473/2025 दर्ज की गई थी। मामले में एक कथित हवाला कारोबारी से लगभग 2 करोड़ 96 लाख रुपये की लूट का आरोप सामने आया था। इस प्रकरण में एसडीओपी पूजा पांडे के वाहन चालक रितेश वर्मा सहित कुल 11 लोगों को आरोपी बनाया गया था। रितेश वर्मा को 15 अक्टूबर 2025 को गिरफ्तार किया गया था और तब से वे न्यायिक हिरासत में थे। उनकी पहली जमानत अर्जी (एमसीआरसी 53163/2025) 2 दिसंबर 2025 को वापस लेने की अनुमति के साथ निरस्त हुई थी। इसके बाद दायर दूसरी नियमित जमानत अर्जी (एमसीआरसी 9179/2026) पर सुनवाई करते हुए न्यायालय ने उन्हें जमानत प्रदान की। आवेदक की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता शेखर पांडे एवं दीपांशु श्रीवास्तव ने तर्क रखा कि रितेश वर्मा केवल चालक के रूप में अपनी ड्यूटी निभा रहे थे और उनकी भूमिका मुख्य नहीं थी। न्यायालय ने माना कि जब तक आरोपी की प्रत्यक्ष एवं प्रमुख भूमिका स्पष्ट न हो, तब तक लंबी न्यायिक हिरासत उचित नहीं है। साथ ही जांच एजेंसी को स्वतंत्र व निष्पक्ष जांच जारी रखने के निर्देश दिए गए।

## पूर्व में बहनोई को भी मिली थी जमानत

उल्लेखनीय है कि इससे पहले इसी प्रकरण में मुख्य आरोपी बताई गई तत्कालीन एसडीओपी पूजा पांडे के बहनोई वीरेंद्र दीक्षित को भी उच्च न्यायालय से जमानत मिल चुकी है। उस समय अदालत में यह तर्क रखा गया था कि मोबाइल से चैट की ठोस रिकवरी नहीं हुई है और आरोपों का आधार मुख्यतः कॉल डिटेल व डिजिटल रिकॉर्ड हैं। इस प्रकार अब तक मामले के दो आरोपियों को जमानत मिल चुकी है, जबकि अन्य आरोपियों के संबंध में न्यायिक प्रक्रिया जारी है। मामले की सुनवाई और जांच आगे भी जारी रहेगी।

फास्ट्रेक प्रशिक्षण के जरिए कर्मचारियों को दी गई गुणवत्ता व स्वच्छता की जानकारी, मैजिक बॉक्स से मौके पर जांच

# होली पूर्व खाद्य सुरक्षा प्रशासन सख्तः रिसॉर्ट डेयरी व मिष्ठान भंडारों पर औचक निरीक्षण

**दैनिक रेवांचल टाइम्स सिवनी। होली पर्व के मद्देनजर आमजनों को स्वच्छ एवं गुणवत्तायुक्त खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग द्वारा जिलेभर में सतत निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर शीतला पटले के निर्देशानुसार यह कार्रवाई की जा रही है।**



## पेंच क्षेत्र के रिसॉर्ट्स में फास्ट्रेक प्रशिक्षण

पेंच राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र स्थित विभिन्न रिसॉर्ट के खाद्य कारोबारकर्ताओं एवं कर्मचारियों को फास्ट्रेक (FoSTÔC) प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान खाद्य सुरक्षा मानकों, स्वच्छता, भंडारण एवं परोसने की सही प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई, ताकि पर्यटकों व नागरिकों को सुरक्षित भोजन उपलब्ध कराया जा सके।

## मैजिक बॉक्स से गुणवत्ता की जांच

निरीक्षण के दौरान मैजिक बॉक्स के माध्यम से विभिन्न खाद्य पदार्थों की मौके पर ही प्राथमिक गुणवत्ता जांच की गई। संदिग्ध पाए गए खाद्य पदार्थों के नमूने विधिवत जांच हेतु संग्रहित किए गए।

**धनौरा व घंसौर में नमूना कार्रवाई-** दिनांक 26 फरवरी 2026 को विकासखंड धनौरा में अंशिका स्वीट से मलाई पेड़ा एवं नमकीन (लूज) का नमूना लिया गया। वहीं विकासखंड घंसौर स्थित सुनील होटल एंड भोजनालय से खोवा एवं नमकीन सेव का नमूना जांच हेतु संग्रहित किया गया। संबंधित प्रतिष्ठानों को सुधार हेतु सुधार सूचना पत्र जारी किया गया। इसके अतिरिक्त श्री हनुमान दूध डेरी से घी, खोवा एवं पनीर के नमूने लिए गए तथा डेयरी संचालक को इंप्रूवमेंट नोटिस जारी किया गया। खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग ने स्पष्ट किया है कि त्योहारों के दौरान मिलावट एवं अमानक खाद्य पदार्थों की बिक्री पर सख्त निगरानी रखी जाएगी तथा दोषी पाए जाने पर विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

# छपारा पुलिस की बड़ी कार्रवाईः अवैध शराब के साथ वाहन जब्त




**दैनिक रेवांचल टाइम्स सिवनी-** जिले के छपारा थाना क्षेत्र में अवैध शराब के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए पुलिस ने एक वाहन से भारी मात्रा में शराब जब्त की है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में की गई इस कार्रवाई से अवैध कारोबार करने वालों में हड़कंप मच गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, छपारा थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक चार पहिया वाहन में अवैध रूप से शराब का परिवहन किया जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर संदिग्ध वाहन को रोका और तलाशी ली। तलाशी के दौरान वाहन से विभिन्न ब्रांड की देशी एवं विदेशी मदिरा की पेटियां बरामद की गईं। जब्त शराब की अनुमानित कीमत हजारों से लेकर लाखों रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने परिवहन में प्रयुक्त वाहन को भी जब्त कर लिया है। आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि थाना क्षेत्र में अवैध गतिविधियों के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा और कानून तोड़ने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

# स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती जी के दिव्य स्तंभ का लोकार्पण श्रद्धा एवं गरिमामय वातावरण में सम्पन्न

**सिवनी।** सिवनी जिला मुख्यालय स्थित शंकराचार्य चौक पर ब्रह्मलीन स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती जी महाराज के दिव्य स्तंभ का लोकार्पण श्रद्धा, आस्था और गरिमा के साथ सम्पन्न हुआ। समारोह में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव वर्चुअल माध्यम से शामिल हुए और उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपने संबोधन में कहा कि स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती का जीवन भारतीय संस्कृति, सनातन परंपरा और राष्ट्र निर्माण के प्रति समर्पण का जीवंत उदाहरण है। उन्होंने कहा कि सिवनी जैसे पावन जन्मस्थल पर दिव्य स्तंभ की स्थापना गौरव का विषय है, जो आने वाली पीढ़ियों को धर्म, संस्कार और राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा देगा। उन्होंने कहा कि हम सभी का दायित्व है कि स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती के विचारों और आदर्शों को आत्मसात कर समाज में व्यापक रूप से प्रसारित करें। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश सरकार सनातन मूल्यों से प्रेरित होकर सुशासन की दिशा में कार्य कर रही है तथा भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं से जुड़े स्थलों को तीर्थ के रूप में विकसित किया जा रहा है। कार्यक्रम में विशेष रूप से स्वामी सदानंद सरस्वती की गरिमामयी उपस्थिति रही। उन्होंने आदि शंकराचार्य के जीवन दर्शन पर प्रकाश डालते हुए ब्रह्मलीन स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती के आध्यात्मिक योगदान और राष्ट्रधर्म के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को स्मरण किया।

# प्रधानमंत्री की पहलः सड़क दुर्घटना पीड़ितों को मिलेगा 1.50 लाख तक कैशलेस उपचार



**दैनिक रेवांचल टाइम्स सिवनी।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जयपाल सिंह ठाकुर ने जानकारी दी कि नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी की पहल पर ह्लपीएम राहत सड़क दुर्घटना कैशलेस उपचार योजनाह्व को स्वीकृति प्रदान की गई है। यह योजना सेवा, संवेदनशीलता और कमजोर वर्गों की सुरक्षा के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दशार्ती है। डॉ. ठाकुर ने बताया कि सड़क दुर्घटना के बाद पहला एक घंटा, जिसे ह्लगोल्डन आवरह्व कहा जाता है, अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। इस अवधि में समुचित उपचार मिलने से लगभग 50 प्रतिशत तक मौतों को रोका जा सकता है। योजना को आपातकालीन प्रतिक्रिया सहायता प्रणाली 112 हेल्पलाइन से जोड़ा गया है। दुर्घटना की स्थिति में कोई भी नागरिक 112 डायल कर नजदीकी नामित अस्पताल की जानकारी और एम्बुलेंस सहायता प्राप्त कर सकता है।

**7 दिन तक मिलेगा निःशुल्क उपचार-** योजना के तहत किसी भी श्रेणी की सड़क पर हुई दुर्घटना के प्रत्येक पात्र पीड़ित को दुर्घटना की तिथि से 7 दिवस तक अधिकतम 1,50,000 तक का कैशलेस उपचार उपलब्ध कराया जाएगा। सामान्य मामलों में अधिकतम 24 घंटे तथा गंभीर या जीवन-घातक मामलों में 48 घंटे तक स्थिरीकरण (स्टेबलाइजेशन) उपचार की सुविधा दी जाएगी।

## डिजिटल और पारदर्शी प्रक्रिया

पूरी प्रक्रिया डिजिटल प्रणाली पर आधारित होगी और पुलिस प्रमाणीकरण के अधीन रहेगी। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के ई-डीएआर प्लेटफॉर्म को राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण के आईटी सिस्टम से जोड़ा गया है, जिससे दुर्घटना की सूचना, उपचार, दावा प्रक्रिया और भुगतान तक की कार्यवाही पारदर्शी और त्वरित रूप से सुनिश्चित की जा सकेगी। अस्पतालों को भुगतान ह्लमोटर वाहन दुर्घटना कोषह्व से किया जाएगा। बीमित वाहनों के मामलों में सामान्य बीमा कंपनियों के अंशदान से तथा बिना बीमा और हिट एंड रन मामलों में भारत सरकार के बजटीय प्रावधान से प्रतिपूर्ति की जाएगी।

## शिकायत निवारण की व्यवस्था

सड़क दुर्घटना पीड़ितों की शिकायतों के निराकरण हेतु जिला कलेक्टर/जिला दण्डाधिकारी की अध्यक्षता में गठित जिला सड़क सुरक्षा समिति द्वारा नामित शिकायत निवारण अधिकारी के माध्यम से कार्रवाई की जाएगी।

**निजी अस्पतालों को दिया गया प्रशिक्षण–** इसी क्रम में 27 फरवरी 2026 को जीएनएम प्रशिक्षण केंद्र में जिले के सभी निजी अस्पताल संचालकों को योजना संबंधी प्रशिक्षण दिया गया। अस्पतालों का पोर्टल पर पंजीयन कराया गया तथा प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण जिला एनआईसी केंद्र के अधिकारियों द्वारा दिया गया, जिसमें स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी एवं संबंधित स्टाफ उपस्थित रहे। यह योजना सड़क दुर्घटना पीड़ितों को त्वरित, सुलभ और पारदर्शी उपचार उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

# कलेक्टर के आदेश से तहसीलदारों एवं नायब तहसीलदारों के प्रभार में बदलाव



**दैनिक रेवांचल टाइम्स सिवनी-** जिले में प्रशासनिक कार्यों के सुचारू संचालन के उद्देश्य से कलेक्टर शीतला पटले द्वारा तहसीलदारों एवं नायब तहसीलदारों के प्रभार में आंशिक परिवर्तन के आदेश जारी किए गए हैं। आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है। जारी आदेशानुसार नायब तहसीलदार श्री शनिपाल शाह परतेती को तहसीलदार नजूल सिवनी के साथ प्रभारी तहसीलदार कुरई (न्यायिक) का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। वहीं श्री हिमांशु कौशल को नायब तहसीलदार कुरई (न्यायिक एवं गैर-न्यायिक) का दायित्व दिया गया है। श्री सतीश चौधरी को नायब तहसीलदार सिवनी (वृत्त बंडोल झ न्यायिक) एवं सिवनी गैर-न्यायिक कार्यों का प्रभार सौंपा गया है, जबकि सुश्री राधिका पाठक को नायब तहसीलदार सिवनी भाग-1 (न्यायिक) की जिम्मेदारी दी गई है। इसी प्रकार श्री धर्मराज तुरकर को नायब तहसीलदार बरघाट (गैर न्यायिक) एवं वृत्त गंगेरुआ (न्यायिक) का दायित्व सौंपा गया है। श्री कुंवरलाल राउत को नायब तहसीलदार केवलारी (गैर न्यायिक) एवं वृत्त पलारी (न्यायिक) तथा श्री धीरूलाल परते को नायब तहसीलदार घंसौर (गैर न्यायिक) एवं वृत्त कहानी (न्यायिक) का प्रभार दिया गया है। इसके अतिरिक्त श्री अखिलेश कुशराम को नायब तहसीलदार लखनादौन (गैर न्यायिक) एवं वृत्त धूमा (न्यायिक) तथा श्री रामसेवक कोल को नायब तहसीलदार छपारा (गैर न्यायिक) एवं वृत्त चमारीखुर्द (न्यायिक) का दायित्व सौंपा गया है। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि सभी अधिकारी अपने मूल दायित्वों के साथ न्यायालयीन एवं गैर-न्यायालयीन कार्यों का विधिवत संपादन सुनिश्चित करेंगे। प्रशासन ने कहा है कि यह परिवर्तन कार्यकुशलता एवं राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण को ध्यान में रखते हुए किए गए हैं।

# आगामी त्योहारों के मद्देनजर शांति समिति की बैठक सम्पन्न

**दैनिक रेवांचल टाईम्स, सिवनी** ।जिले में मार्च एवं अप्रैल माह में आयोजित होने वाले विभिन्न धार्मिक त्योहारों के मद्देनजर शुक्रवार को पुलिस कंट्रोल रूम में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता शीतला पटले ने की, जबकि सुनील कुमार मेहता विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में सर्वप्रथम 02 मार्च को होलिका दहन एवं 04 मार्च को धुरेड़ी (रंगोत्सव) को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। कलेक्टर ने होलिका दहन स्थलों पर सुरक्षा, अग्निशमन, विद्युत व्यवस्था, साफ–सफाई एवं भीड़ नियंत्रण की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वन विभाग को जिला मुख्यालय में होलिका दहन हेतु जलाऊ लकड़ियों की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी को होली पर्व के दौरान विशेष जलापूर्ति व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक श्री मेहता ने बताया कि संवेदनशील स्थलों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहेगा और निरंतर पेट्रोलिंग की जाएगी। जिला चिकित्सालय में आपातकालीन उपचार की समुचित व्यवस्था बनाए रखने तथा अतिरिक्त चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों की ड्यूटी सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। कलेक्टर श्रीमती पटले ने नागरिकों से अपील की कि सभी त्योहार आपसी सौहार्द, भाईचारे एवं शांति के साथ मनाएं। उन्होंने सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता बनाए रखने और प्रशासन के दिशा–निर्देशों का पालन करने का आग्रह किया।




क्या आप दाद-खाज़, खुजली से परेशान है?

अब आपके शहर **सिवनी** में सभी प्रकार के चर्म रोगों का उपचार सुप्रसिद्ध चिकित्सक द्वारा संभव

डॉ. हेमलता चांचरिया
BHMS, PGDCC, Cosmetologist
चर्म, केश, सौन्दर्य चिकित्सक

माह के दूसरे एवं चौथे **बुधवार**
सुबह 11 बजे से 2 बजे तक



दाद (दराद) खाज खुजली का ईलाज

- कील मुहाँसे का सफलतम ईलाज
- चेहरे का साँवलापन झाई एवं Chemical Peeling दाग धब्बे हटाये द्वारा
- तील एवं मस्सो का स्थाई ईलाज लेजर द्वारा
- चेहरे के अनचाहे बालों को हटाना बालों का झड़ना समय से पहले बाल सफेद होना गंजेपन का ईलाज (पी.आर.पी.) द्वारा
- सफेद दाग का सफल ईलाज दवाई एवं सर्जरी द्वारा।
- काली झाईयाँ, चेहरे के दाग धब्बे एवं गड्डों का सफलतम ईलाज।
- एलर्जी, एग्जिमा, शरीर पर खुजली एवं सोरायसिस का सफल इलाज
- चेहरे के गड्ढे झुरियां एवं दाग का सफल ईलाज दवाई एवं Dermaroller द्वारा

रेवा फार्मेसी
पताः बरघट रोड़, गणेश चौक, सिवनी
Mob: 96696 52061, 88393 10065

# कांग्रेस विधायक ने विधानसभा में किया शीर्षासन

## हर्ष फायरिंग पर एफआईआर को लेकर जताया विरोध, सदन से कांग्रेस ने किया वॉकआउट



भोपाल। विधानसभा के बजट सत्र का आज 10वां दिन है। विधानसभा परिसर में शिवपुरी जिले के कांग्रेस विधायक बाबू जंडेल ने शीर्षासन किया। दरअसल, शिवरात्रि पर शिव बारात के दौरान हर्ष फायरिंग के मामले में दर्ज एफआईआर को लेकर उन्होंने विरोध जताया। सदन की कार्यवाही के दौरान शून्यकाल में कांग्रेस विधायक पंकज उपाध्याय और सचेतक सोहन वाल्मीकि ने भी इस मुद्दे को उठाया। हालांकि, स्पीकर द्वारा विषय की जानकारी संबंधित विभाग को भेजे जाने की बात कहने पर असंतुष्ट कांग्रेस विधायकों ने वॉकआउट कर दिया। इसके बाद बाबू जंडेल ने विधानसभा भवन के बाहर गांधी प्रतिमा के सामने शीर्षासन कर अपना विरोध जताया।

**विधायक बोले- भगवान की खुशी में हर्ष फायर किया :** कांग्रेस विधायक बाबू जंडेल ने कहा कि 15 फरवरी को हमारे क्षेत्र में यज्ञ का कार्यक्रम था। हजारों की संख्या में ब्राह्मण और साधु-संत मौजूद थे। मैंने शिवजी का चौतरा बनाकर विधि-विधान से तीन दिन तक हवन कराया, भगवान की स्थापना करवाई और उसके बाद शिव बारात का कार्यक्रम रखा गया। शिव बारात में पालकियों और घोड़ों पर साधु-संत और ब्राह्मण सवार थे, फूल वर्षा हो रही थी और पटाखे चल रहे थे। मैं भी घोड़े पर सवार था। मेरे पास एक ह्लचढ़ीमारह्व का एक राउंड था, जो दावत का राउंड होता है। भगवान की खुशी में मैंने एक हर्ष फायर किया। वह सिर्फ एक ही राउंड था। मेरे पास कोई एके 47 नहीं थी। मैं कोई उग्रवादी नहीं हूं, बल्कि यज्ञ का यजमान था।

**बाबू जंडेल ने कहाझ्र मेरे खिलाफ झूठे केस, आंदोलन करूंगा :** बाबू जंडेल ने कहा- इससे तीन महीने पहले दिसंबर में मैंने गायों के मुद्दे को लेकर आंदोलन किया था और कलेक्टर के नाम ज्ञापन दिया था, तब भी मेरे खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी। उन्होंने कहा कि मुझ पर अक्सर एफआईआर दर्ज की जाती हैं, लेकिन हाईकोर्ट ने सात मामलों में मुझे बरी किया है। सभी केस झूठे हैं। अगर सरकार यह केस वापस नहीं लेती है तो मैं गांधी आश्रम में भी आंदोलन करूंगा और सड़क पर उतरकर भी आंदोलन करूंगा। मुझे जेल जाने का कोई डर नहीं है।

**जयवर्धन सिंह बोले- सीएम के संरक्षण में अवैध कॉलोनियां बन रही :** कांग्रेस विधायक और पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री के संरक्षण में अवैध कॉलोनियां और बिल्डर लगातार अवैध कॉलोनियों का विस्तार कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इस पर प्रभावी कार्रवाई नहीं हो रही है, जिससे अवैध निर्माण को बढ़ावा मिल रहा है। इसे लेकर सीधी विधायक रीति पाठक ने भी सदन में सवाल किया। इसके जवाब में नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि अवैध कॉलोनियों पर रोक लगाने के लिए तीन महीने के भीतर कड़ा कानून लागू किया जाएगा। इसका उद्देश्य अवैध कॉलोनियों के निर्माण को रोकना है। कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि अवैध कॉलोनियां बनाने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**ध्यानाकर्षण में ये मुख्य मुद्दे उठाएंगे विधायक :** डिंडोरी विधायक ओमकार सिंह मरकाम प्रदेश में धान खरीदी के लिए सर्वर न चलने से किसानों के स्लॉट बुक न होने से आ रही परेशानी को सदन में रखेंगे।

खातेगांव विधायक आशीष शर्मा खातेगांव क्षेत्र के फॉरेस्ट एरिया में किसानों के खिलाफ दर्ज किए गए झूठे मुकद्मों का मामला उठाएंगे। राजगढ़ से बीजेपी विधायक अमर सिंह यादव प्रदेश में राजस्व अधिकारियों द्वारा भूमिहीन और गरीबों के लिए पट्?टे और धारणाधिकार का काम समय पर न होने का मामला उठाएंगे। नर्मदापुरम विधायक डॉ सीताशरण शर्मा प्रदेश में अतिथि विद्वानों को मानदेय न मिलने का मुद्दा उठाएंगे। मुरैना विधायक दिनेश गुर्जर प्रदेश में राजस्व विभाग के अंतर्गत भू संसाधन प्रबंधन विभाग के जूनियर डाटा एंट्री ऑपरेटर्स का जिला मुख्यालयों पर अटैचमेंट किए जाने का मामला उठाएंगे। जौरा विधायक पंकज उपाध्याय प्रदेश में इलेक्ट्रिक व्हीकल (एश्) नीति और पीएम ई ड्राइव के क्रियान्वयन में नीति का पालन न करने का मामला उठाएंगे। नागदा-खाचरोद विधायक डॉ तेज बहादुर सिंह चौहान उज्जैन जावरा रोड पर लगातार हो रही दुर्घटनाओं से मौतों का मामला उठाएंगे। भितरवार विधायक मोहन सिंह राठौर प्रदेश भर में राजस्व अभिलेखों का कम्प्यूटराइजेशन और रिकॉर्ड में सुधार की समस्या उठाएंगे। पोहरी से कांग्रेस विधायक कैलाश कुशवाह प्रदेश में खाद संकट और यूरिया-डीएपी खाद के दामों में बढ़ोत्तरी करने से किसानों पर आए आर्थिक बोझ का मुद्दा उठाएंगे।

# मप्र में अप्रैल जैसी गर्मी...

## पारा 35 डिग्री पार: रात के तापमान में उतार-चढ़ाव; कुछ शहरों में ठंड, 2 मार्च से नया सिस्टम बनेगा

भोपाल। आंधी-बारिश और ओले का दौर थमने के बाद मध्य प्रदेश में अप्रैल जैसी गर्मी पड़ रही है। गुरुवार को कई शहरों में दिन का तापमान 35 डिग्री के पार पहुंच गया। वहीं, रात में 17 डिग्री से ज्यादा है। कुछ शहरों में ठंड का असर भी है। मौसम विभाग ने 2 मार्च से वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) के एक्टिव होने के आसार जताए हैं। वेस्टर्न डिस्टरबेंस का असर एमपी में भी देखने को मिल सकता है। उत्तरी हिस्से के कुछ जिलों में बारिश होने के आसार हैं। दूसरी ओर, देश के पश्चिमी हिस्से में तीन साइक्लोनिक सर्कुलेशन (चक्रवात) एक्टिव है, लेकिन इनका असर एमपी में नहीं है। मौसम विभाग के अनुसार, पूर्वोत्तर भारत के ऊपर समुद्र तल से 12.6 किलोमीटर की ऊंचाई पर करीब 176 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से जेट स्ट्रीम हवाएं भी चल रही हैं। इसका उत्तरी हिस्से में असर है। इस वजह से पारा 30 डिग्री से नीचे हैं, लेकिन भोपाल, इंदौर, उज्जैन और जबलपुर संभाग के ज्यादातर जिलों में तापमान 30 से 34 डिग्री के बीच ही बना हुआ है। गुरुवार को खंडवा और खरगोन में तापमान 35.2 डिग्री तक पहुंच गया। भोपाल में 32 डिग्री, इंदौर में 33.1 डिग्री, ग्वालियर में 32.6 डिग्री, उज्जैन में 33 डिग्री और जबलपुर में 31.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। प्रदेश के 30 से ज्यादा जिलों में पारा 30 डिग्री के पार ही रहा।



# छिंदवाड़ा में यादव जी की लव स्टोरी फिल्म का विरोध

## यादव समाज ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, रिलीज पर रोक की मांग

छिंदवाड़ा। प्रस्तावित फिल्म यादव जी की लव स्टोरी को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। शुक्रवार को यादव समाज के बड़ी संख्या में लोग कलेक्टर कार्यालय पहुंचे और फिल्म के विरोध में ज्ञापन सौंपते हुए इसकी रिलीज पर रोक लगाने की मांग की। समाज के प्रतिनिधियों का कहना है कि फिल्म में दिखाई गई कहानी से समाज की छवि प्रभावित होती है और इससे गलत संदेश फैल सकता है।



उन्होंने प्रशासन से मांग की कि ऐसी फिल्मों को रिलीज होने से पहले रोका जाए। **समाज ने कहा- बच्चों और बेटियों पर पड़ेगा गलत असर :** यादव समाज के अनिल यादव ने कहा कि इस तरह की फिल्मों से समाज में गलत संदेश जाता है और बच्चों पर भी इसका नकारात्मक असर पड़ सकता है। उन्होंने फिल्म के निमार्ता और निर्देशक से भी अपील की कि किसी समाज विशेष के नाम का इस्तेमाल करते समय सावधानी बरती जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि फिलहाल यह फिल्म छिंदवाड़ा में रिलीज नहीं हो रही है, लेकिन मध्यप्रदेश सहित देश के किसी भी हिस्से में इसकी रिलीज नहीं होनी चाहिए। यादव समाज इसका विरोध करता है। **महिलाओं ने भी जताई आपत्ति :** समाज की दीपा यादव ने कहा कि इस तरह की फिल्मों का असर घर की बेटियों पर भी पड़ता है और सामाजिक दृष्टि से यह सही नहीं है। उन्होंने सरकार से मांग की कि ऐसी फिल्मों पर तत्काल संज्ञान लेकर प्रतिबंध लगाया जाए। **बड़ी संख्या में पहुंचे समाज के लोग :** यादव समाज के सामाजिक बंधु बड़ी संख्या में कलेक्टर कार्यालय पहुंचे और प्रशासन को ज्ञापन सौंपते हुए फिल्म पर तत्काल रोक लगाने की मांग की। समाज के लोगों ने कहा कि अगर उनकी मांग पर कार्रवाई नहीं हुई तो आगे भी विरोध जारी रहेगा।

### बैतूल में सड़क हादसा, किसान की मौत

बैतूल। बैतूल जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र में गुरुवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में 48 वर्षीय किसान की मौत हो गई। महदगांव निवासी किसान अपनी मोटरसाइकिल से गुटखा लेने जा रहे थे, तभी रास्ते में एक अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। गंभीर हालत में उन्हें जिला अस्पताल लाया गया, जहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शुक्रवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है और अज्ञात वाहन चालक की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, मृतक बाबूराव आनंदराव (48 वर्ष) कोतवाली थाना क्षेत्र के महदगांव के रहने वाले थे और पेशे से किसान थे।

# भोपाल में 239 करोड़ बढ़ेगी शराब ठेकों की कीमत

## 87 दुकानों के लिए ?1432 करोड़ का टारगेट; 2 मार्च को 29 दुकानों की नीलामी

भोपाल। अबकी बार भोपाल की 87 शराब ठेकों से सरकार को 239 करोड़ रुपए या इससे ज्यादा मिल सकते हैं। पिछले साल रिजर्व प्राइस (आरपी) 1073 करोड़ रुपए थी, जबकि उच्चतम ऑफर राशि 1139 करोड़ रुपए मिली थी। इस बार रिजर्व प्राइस ही 1432 करोड़ रुपए रखी गई है। 2 मार्च को 29 दुकानों की नीलामी होगी। बता दें कि राज्य सरकार ने नई आबकारी नीति लागू कर दी है। नई व्यवस्था में शराब दुकानों को छोटे-छोटे समूहों में बांटा गया है। भोपाल की 87 दुकानों को 20 ग्रुप में बांटा है। जिनके आवंटन की प्रक्रिया ई-टेंडर के जरिए होगी। इनमें से 7 ग्रुप की 29 दुकानों के लिए पहले फेज में टेंडर की प्रोसेस शुरू की गई है। 2 मार्च को सुबह 10.30 से दोपहर 2 बजे तक टेंडर सबमिट होंगे। इसी दिन शाम 6 बजे से डिस्ट्रिक कमेटी की मौजूदगी में टेंडर खोलने की कार्रवाई होगी।



**इन ग्रुपों के लिए प्रक्रिया :** बागसेवनिया ग्रुप की 5 दुकान, हबीबगंज फाटक ग्रुप की 4 दुकान, भानपुर चौराहा ग्रुप की 5 दुकान, स्टेशन बजरिया ग्रुप की 5 दुकान, खजूरीकलां ग्रुप की 3 दुकान, जहांगीराबाद ग्रुप की 4 दुकान और गुनगा ग्रुप की 3 दुकानों के लिए यह टेंडर प्रक्रिया की जा रही है।

**20% बढ़ी ठेके की कीमत :** वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए नीलामी की प्रक्रिया में ठेके 1193 करोड़ रुपए से ज्यादा में हुए थे, जो टारगेट से 11 प्रतिशत यानी, 120 करोड़ रुपए अधिक थे। इस बार 1432 करोड़ रुपए रिजर्व प्राइस रखी गई है। बता दें कि वर्तमान मूल्य में 20 प्रतिशत बढ़ोतरी कर आरक्षित मूल्य तय किया गया है।

इसका असर अब समूहों की कीमतों पर दिखने लगा है। भोपाल में इस बार सबसे महंगा समूह पिपलानी का है। इसमें 4 दुकानें - पिपलानी, अयोध्या नगर, रत्नागिरी तिराहा और पटेल नगर हैं। 20 फीसदी आरक्षित मूल्य बढ़ने के बाद इस समूह की कीमत 127 करोड़ 77 लाख 60 हजार 551 रुपए हो गई है। इससे पहले वर्ष 2025-26 में इन दुकानों का वार्षिक मूल्य 106 करोड़ 48 लाख से ज्यादा था। इसी तरह बागसेवनिया समूह की कीमत करीब 101 करोड़ से बढ़कर 121 करोड़ 89 लाख से ज्यादा हो गई है।

# छिंदवाड़ा में कुत्तों का आतंक

## स्कूल जा रही छात्रा के पीछे दौड़ा 5-6 कुत्तो का झुंड; सीसीटीवी में कैद हुई खौफनाक घटना

छिंदवाड़ा। छिंदवाड़ा शहर में आवारा कुत्तों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। शुक्रवार सुबह करीब 8 बजे गुलाबरा क्षेत्र में जैन मंदिर के पास स्कूल जा रही एक छात्रा के पीछे अचानक 5 से 6 कुत्तों का झुंड दौड़ पड़ा। घबराई बच्ची ने सूझबूझ दिखाते हुए तुरंत वापस घर की ओर दौड़ लगा दी और किसी तरह अपनी जान बचाई। यह पूरी खौफनाक घटना घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बच्ची रोज की तरह सुबह स्कूल के लिए घर से निकली थी, तभी अचानक कुत्तों का झुंड उस पर झपट पड़ा। बच्ची के शोर मचाने पर जब तक आसपास के लोग मदद के लिए बाहर निकले, तब तक वह दौड़कर सुरक्षित अपने घर के अंदर पहुंच चुकी थी।

**मासूम पर हुआ था जानलेवा हमला:** हाल ही में एक 4 वर्षीय बालक को कुत्ते ने उसकी दादी के सामने ही काटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया था।

**दादी ने दिखाई थी हिम्मत:** उस रोंगटे खड़े कर देने वाली घटना में दादी ने अदम्य साहस दिखाते हुए कुत्ते की पूंछ पकड़कर उसे बच्चे से दूर खींचा था और जान बचाई थी।

**ज्ञापन सौंपने के बाद भी प्रशासन का रवैया सुस्त :** स्थानीय नागरिकों ने कुत्तों के लगातार बढ़ते आतंक को लेकर पूर्व में प्रशासन को ज्ञापन भी सौंपा है। इसके बावजूद स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है:

शिकायतों के बाद भी समस्या जस की तस बनी हुई है। नगर निगम क्षेत्र में आवारा कुत्तों की संख्या और उनका झुंड लगातार बढ़ता जा रहा है। सड़कों पर अकेले चलने वाले राहगीरों, छोटे बच्चों और बुजुर्गों में हर समय भय का माहौल बना रहता है।

आखिर जिम्मेदारी किसकी है?

नगर निगम और प्रशासन की कार्यप्रणाली पर स्थानीय लोग अब गंभीर सवाल उठा रहे हैं। नागरिकों का स्पष्ट कहना है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद धरातल पर कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हो पा रही है। अब शहरवासी प्रशासन से यह पूछने को मजबूर हैं कि आखिर कब तक उन्हें इस तरह आवारा कुत्तों की दहशत के साये में जीने को मजबूर होना पड़ेगा।

### बैतूल में पिता का पुलिस लॉकअप में आत्महत्या का प्रयास

बैतूल। बैतूल जिले (मुलताई क्षेत्र) में अपनी ही 10 वर्षीय नाबालिग बेटी के साथ दुष्कर्म करने के आरोप में गिरफ्तार पिता ने पुलिस हिरासत (लॉकअप) में फांसी लगाकर आत्महत्या करने की कोशिश की है। आरोपी की हालत गंभीर है और उसे बैतूल जिला अस्पताल के आईसीयू (क्ऊव) में भर्ती कराया गया है। इस बड़ी लापरवाही के बाद से पुलिस महकमे में भारी हड़कंप मचा हुआ है। मामला 26 फरवरी 2024 को सामने आया था।



जब आरोपी ने बेटी को कमरे में बंद कर दिया था, तब पीड़िता की मां ने डायल 112 पर कॉल कर पुलिस बुलाई और बच्ची को बचाया। 10 वर्षीय नाबालिग ने अपने पिता पर लंबे समय से दुष्कर्म करने, डराने-धमकाने और जान से मारने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया था। **पॉक्सो एक्ट में हुई थी गिरफ्तारी :** पुलिस ने आरोपी पिता को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ पॉक्सो (ढडउरड) एक्ट और भारतीय न्याय संहिता (इठर) की सख्त धाराओं [65(2), 64(2)(፲), 64(2)(), 351(3)] के तहत मुकदमा दर्ज किया था।

# हर खेत को मिलेगा पानी, एक लाख करोड़ के बजट से संवरेगा एमपी का किसान : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## सिंगल क्लिक से किया सम्मान और यशोदा योजना से लाए मुस्कान: मुख्यमंत्री ने 32 लाख से अधिक हितग्राहियों को अंतरित 196.72 करोड़ की राशि

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सागर जिले के रहली क्षेत्र में कृषि आधारित उद्योगों को प्रोत्साहन देते हुए फूड पार्क स्थापित किया जाएगा। इससे क्षेत्र के स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित होंगे। बुंदेलखंड की धरती आल्हा-ऊदल जैसे वीरों की धरती है। सागर जिले का रहस मेला ऐतिहासिक है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को सागर जिले के गढ़ाकोटा के ऐतिहासिक रहस मेले के शुभारंभ एवं सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के हितग्राहियों के राशि अंतरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रहस मेले के 217 साल पुराने गौरवशाली इतिहास को याद करते हुए और उनके शौर्य को प्रणाम करते हुए कहा -

"बड़े लडैया महोबा वाले, जिन की मार सही ना जाये। एक को मारे दोई मर जावे, तीजा खौफ खाये मर जाये।।"

ऐसी वीरता और पराक्रम का लोहा मनवाने वाले मातृभूमि पर सर्वस्व न्योछावर करने वाले महान योद्धाओं की भूमि को कोटिशः नमन।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारतीय संस्कृति में परमात्मा ने ऋतुओं और मौसम के साथ मेलों का अद्भुत संबंध बनाया है। जब धान और सोयाबीन कटे तो दीवाली और गेहूं की फसल आने पर होली मनाई जाती है। बुंदेलखंड की धरती पर आकर मन आनंदित हो जाता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि किसान कल्याण वर्ष में कृषि आधारित व्यापार गतिविधियां बढ़ाने के लिए प्रयास जारी हैं, जिससे किसानों के जीवन में समृद्धि आएगी।




राज्य सरकार पशुपालन और दूध उत्पादन बढ़ाने को प्राथमिकता दे रही है। बजट 2026-27 में नई यशोदा योजना की शुरूआत की गई है। अब हमारे स्कूलों में 8वीं तक के विद्यार्थियों को ट्रेटा पैक दूध निःशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा। प्रदेश की बहनों के सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। लाड़ली बहनों को हर माह 1500 रुपए की राशि मिल रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार लघु एवं कुटीर उद्योगों को प्रोत्साहित करने के लिए संकल्पित है। रहली में सूक्ष्म औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ाने के लिए कमेटी गठित की जाए। यहां पारम्परिक बीड़ी उद्योग के साथ हस्त शिल्प कलाओं को भी आगे बढ़ाया जाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना की माह जनवरी पेड इन फरवरी 2026 की राशि हितग्राहियों के खातों में सिंगल क्लिक से अंतरित की। इस पेंशन योजनाओं में प्रति हितग्राही प्रतिमाह 600 रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 32.78 लाख से अधिक हितग्राहियों के खाते में 196.72 करोड़ की राशि ट्रांसफर की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रहली विधासभा क्षेत्र के बुनियादी ढांचे को मजबूती देते हुए खेजरा-शाहपुर-मोकलपुर फ्लाईओवर के निर्माण की स्वीकृति दी। उन्होंने रहली एवं गढ़ाकोटा कृषि उपज मंडी के उन्नयन के लिए 5-5 करोड़ रुपए एवं शाहपुर उपमंडी के विकास हेतु एक करोड़ रुपए की स्वीकृति दी जिससे स्थानीय किसानों को अपनी उपज का सही दाम और आधुनिक सुविधाएं मिल सकें इसके साथ ही उन्होंने रहली रमखरिया, सिमरिया नायक बहेरिया मढ़ि (लगभग 22 किलोमीटर) मार्ग के उन्नयन और चौड़ीकरण की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि बुंदेलखंड में बीड़ी उद्योग और तेंदूपत्ता संग्रहण केवल व्यापार नहीं, बल्कि लाखों परिवारों की जीविका रहा है। यहां बीड़ी, तेंदूपत्ते और हस्तकला आधारित लघु इकाइयों को मिलेगा प्रोत्साहन दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि बीड़ी बनाने वाले एवं तेंदूपत्ता का संग्रहण करने वाले व्यक्तियों के उन्नयन के लिए सांसद, विधायक एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि एक कमेटी बनाकर लिये गये निर्णय अनुसार कार्यवाही की जाएगी। इसके साथ ही क्षेत्र के खिलाड़ियों के लिए स्पोर्ट्स एवं स्टेडियम कॉम्प्लेक्स का निर्माण होगा। इसी प्रकार ढाना में शासकीय महाविद्यालय में वाणिज्य संकाय और इतिहास के नए विषय खोलने को भी मंजूरी दी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बुजुर्गों की सेवा के लिए सरकार के खजाने में कोई कमी नहीं है। राज्य सरकार सभी के कल्याण के लिए काम कर रही है। किसान कल्याण के लिए इस साल बजट में एक लाख करोड़ रुपए से अधिक राशि प्रस्तावित है। उन्होंने कहा कि रहली क्षेत्र के विद्यार्थियों को भव्य सांदीपनि विद्यालय की सौगात मिली है। अब बच्चों को गणवेश, किताबें, साइकिलें निःशुल्क वितरित की जा रही हैं। स्कूल टॉपर को स्कूटी दी जाती है। प्रदेश के सांदीपनि विद्यालय प्राइवेट स्कूलों को पीछे छोड़ रहे हैं। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री श्री गोपाल भार्गव ने कहा कि रहस मेले की शुरूआत 217 साल पहले बुंदेलखंड के तत्कालीन शासक श्री मर्दन सिंह जूदेव के राज्यारोहण के उपलक्ष में हुई थी। तत्कालीन मुख्यमंत्री स्व. सुंदरलाल पटवा भी वर्ष 1990 में यहां पधारे थे। मेला परंपरागत रूप से हर वर्ष भव्यता के साथ आयोजित हो रहा है। रहली-गढ़ाकोटा क्षेत्र पहले काफी पिछड़ा था, लेकिन 2003 में राज्य और उसके बाद वर्ष 2014 में केंद्र में हमारी सरकार बनने के बाद यहां विकास की गति तेज हुई। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. यादव के विशेष आशीर्वाद से रहली क्षेत्र की जरूरी आवश्यकताएं पूर्ण हुई हैं। क्षेत्र में सिंचाई सुविधाओं को विस्तार देने की जरूरत है। पूर्व मंत्री श्री भार्गव ने लव-कुश धाम निर्माण और राज्य के भीतर नदी जोड़ो प्रकल्प के तहत बुंदेलखंड में मां नर्मदा को सोनार नदी से जोड़ने का सुझाव दिया। कार्यक्रम में सांसद श्री राहुल लोधी, सागर सांसद श्रीमती लता वानखेड़े, पूर्व मंत्री श्री भूपेंद्र सिंह, विधायक श्री प्रदीप लारिया, विधायक श्री बृज बिहारी पटेरिया, विधायक श्री शैलेन्द्र जैन, विधायक श्री वीरेन्द्र सिंह लोधी, विधायक श्रीमति उमादेवी खटीक, महापौर श्रीमती संगीता सुशील तिवारी, जिला पंचायत अध्यक्ष सागर श्री हीरा सिंह राजपूत, जिला पंचायत अध्यक्ष दमोह श्रीमति रंजीता गौरव पटेल, नगर निगम अध्यक्ष श्री वृंदावन अहिरवार, श्रीमति रानी पटेल, श्री श्याम तिवारी, श्री सदानंद गौतम, श्री जाहर सिंह, श्री अभिषेक भार्गव, श्री मनोज तिवारी, श्री संजय दुबे, श्री महेश कोरी, संभागायुक्त श्री अनिल सुचारी, पुलिस महानिरीक्षक श्रीमती हिमानी खन्ना, कलेक्टर श्री संदीप जी आर, पुलिस अधीक्षक श्री विकास शाहवाल, अपर कलेक्टर श्री अविनाश रावत सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद थे।

### प्रमुख घोषणाएं

गढ़ाकोटा और रहली में मल्टी स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स बनेगा।
महाविद्यालय में वाणिज्य और इतिहास के नए संकाय की कक्षाएं शुरू होंगी।
क्षेत्र में नया फ्लाई-ओवर और सड़कों का उन्नयन किया जाएगा।
गढ़ाकोटा और रहली कृषि उपज मंडी में विकास कार्यों के लिए 5-5 करोड़ की राशि मिलेगी।
शाहपुरा कृषि उपज मंडी के विकास कार्यों के लिए भी एक करोड़ रुपए दिए जाएंगे।
सोनार नदी के माध्यम से सिंचाई का रकबा बढ़ाने के लिए प्रयास किए जाएंगे।

नागरिकों ने की सख्त कार्रवाई की मांग

# जंगलों में हरे पेड़ों की छाल निकालने का अवैध धंधा:डिंडोरी गिरोह एक्टिव

**दैनिक रेवांचल टाईम्स, कटनी।** जिले के वन विकास निगम कुंडम परियोजना के अंतर्गत आने वाले जंगलों में हरे पेड़ों की छाल निकालकर उन्हें सुखाने का अवैध धंधा चल रहा है। ढीमरखेड़ा तहसील के दादर, सिंहुडी, देगवा और महगवा गांवों के बीच के जंगलों में बड़े पैमाने पर जीवित पेड़ों की छाल निकाली जा रही है।





## जंगलों में लंबे समय से अवैध छाल उत्खनन

स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, मुख्य मार्ग से सटे इन जंगलों में यह अवैध गतिविधि लंबे समय से जारी है। पेड़ों की छाल निकालने से वे धीरे-धीरे सूखकर मर जाते हैं, जिससे जंगल का घनत्व लगातार कम हो रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि डिंडोरी जिले का एक संगठित गिरोह सुनियोजित तरीके से इस काम को अंजाम दे रहा है। हैरानी की बात यह है कि मुख्य मार्ग पर खुलेआम हो रहे इस अवैध कार्य की जानकारी वन विकास निगम के अधिकारियों को होने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। पूर्व में जिर्री गांव के पास छाल से भरा एक वाहन रामपुर रेंज कार्यालय में पकड़ा गया था, लेकिन डिंडोरी वन विभाग से अनुमति का हवाला देकर उसे छोड़ दिया गया था।

## रेंजर बोले-छाल निकासी की अनुमति नहीं

इस संबंध में रेंजर अजय मिश्रा ने बताया कि क्षेत्र में छाल निकालने की कोई अनुमति नहीं है और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। हालांकि, उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि संबंधित क्षेत्र वन विकास निगम के अधीन आता है। वन विकास निगम की डिप्टी डीएम अभीश्वेता रावत ने मामले से अनभिज्ञता जाहिर की। उन्होंने कहा कि स्टाफ भेजकर जांच कराई जाएगी और यह भी देखा जाएगा कि डिंडोरी वन विभाग ने किस आधार पर ऐसी अनुमति दी थी। क्षेत्र के जागरूक नागरिकों ने शासन-प्रशासन से इस गिरोह के खिलाफ सख्त दंडात्मक कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते इन माफियाओं पर लगाम नहीं कसी गई, तो क्षेत्र के संरक्षित जंगल ठूंठ बनकर रह जाएंगे।

जिला शिक्षा अधिकारी के पास भेजा गया है निलंबन का प्रस्ताव

# केंद्राध्यक्ष बृजलाल वर्मा के तानाशाही के आगे जिला शिक्षा अधिकारी हुए बेबस,नही कर पा रहे कार्यवाही

**दैनिक रेवांछल टाइम्स जवा । रीवा जिले में शासन के निर्देशन पर मंडल की 5वी और 8वी की परीक्षा 20/02/26 से शुरू हुई थी जिसका अंतिम पेपर 28 फरवरी को है जिसकी जिम्मेदारी प्रधानाध्यापको को केंद्राध्यक्ष के रूप में दी गई थी लेकिन कुछ प्रधानाध्यापक अपनी ऊंची पकड़ के चलते आदेशो को दरकिनार कर अपना दायित्य नही निभा रहे है।**



इसी तरह के मामले में सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जिले के जवा तहसील अंतर्गत संकुल पनवार के अधीन बरेतीकला हाई स्कूल को परीक्षा केंद्र बनाया गया था जिसमे बृजलाल वर्मा को केंद्राध्यक्ष नियुक्त किया गया लेकिन वो अपने दायित्वों को निभाने में असफल रहे। जिसकी जानकारी बीइओ जवा द्वारा 20 फरवरी को ही डीपीसी रीवा को दी गई थी जिसे डीपीसी द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी रीवा को लापरवाह प्रधानाध्यापक को निलंबन एवं दूसरे केंद्राध्यक्ष को नियुक्त करने का प्रस्ताव दिया जा चुका है लेकिन जिला शिक्षा अधिकारी तानाशाह केंद्राध्यक्ष वृजलाल वर्मा के आगे बेबस दिखे और अभी तक कोई कार्यवाही नही की गई। जबकि परीक्षा बिना केंद्राध्यक्ष के चलती रही, मजे की बात ये है कि बिना सूचना के केंद्राध्यक्ष परीक्षा के दौरान अनुपस्थित रहे, उसी दौरान 5वी क्लास के परीक्षा के अंतिम दिन 25/02/26 को जेडी निरीक्षण दल के दौरे से खबर वायरल हुई तो घर में सो रहे केंद्राध्यक्ष बृजलाल आनन फानन में शाम 4 बजे संकुल केंद्र पनवार पहुच कर फिटनेस का हवाला देकर जॉइनिंग करने पहुच गए। अभी 8वी की अंतिम परीक्षा आज दिनांक 28 फरवरी को है खबर का प्रकाशन होने पर विभाग द्वारा आनन फानन में अन्य किसी को केंद्राध्यक्ष नियुक्त किया गया है ऐसी जानकारी मिली है जो केंद्राध्यक्ष वृजलाल और उच्च अधिकारियो की घोर लापरवाही है। देखना होगा कि जिला कलेक्टर ऐसे केंद्राध्यक्ष और सम्बंधित अधिकारियो पर क्या कार्यवाही करती है? यदि कार्यवाही नही होती है तो इसी तरह से अन्य अधिकारी और कर्मचारी मनमानी पर उतारू रहेंगे।

पीड़ितों ने कार्यवाही करने की पुलिस प्रशासन से की मांग

# शादी के कार्यक्रम में सरहंगों ने महिलाओ और परिजनों के साथ की मारपीट,और नगदी लेकर हुए फरार



**दैनिक रेवांचल टाइम्स रीवा।** जिले के चोरहटा थानां अंतर्गत मोहन मण्डप मैरिज गार्डन बिड़वा रीवा में दिनांक 24/02/26 को शशिकला सेन पति बृजेन्द्र सेन की दो लड़कियों की शादी का कार्यक्रम चल रहा था इसी दौरान करीब रात्रि 1 बजे जब चढ़ाव का कार्यक्रम चल रहा था तभी लड़की की बुआ एवं साथ में अन्य महिलाएँ जो कि बिना बुलाये कार्यक्रम में पहुची और पहुचते ही सुमन वर्मा पति शैलेन्द्र वर्मा बोदावाग रीवा, रेनू वर्मा पति नारेन्द्र वर्मा ग्राम जुड़मनिया पोस्ट पैपखरा रीवा, रेखा वर्मा पति परोत्तम वर्मा ग्राम जुड़मनिया पोस्ट पैपखरा जिला रीवा, सुप्रिया वर्मा पति अजय सेन निवासी कामता टोला डॉली मेडिकल के पास जिला सतना ने गाली गलौज करते हुए चारो महिलाए मारपीट करने लगी, मारपीट से शशिकला सेन, बृजेन्द्र वर्मा, अंकिता सेन,गया प्रसाद सेन, लीलावती सेन, रामरसीले सेन, अन्जू से, नीलम सेन, सुशील सेन को चोटें भी आई और कई लोगो के हाथ भी फैक्चर हो गए। फरियादी गया प्रसाद नापित पिता डा. श्यामसुन्दर नापित उम्र 42 वर्ष निवासी दुलेहरा थाना सिरमौर जिला रीवा ने बताया कि दिनांक 24.02.26 को ग्राम बिड़वा थाना चोरहटा जिला रीवा अंतर्गत मोहन मैरिज गार्डन में मेरी भांजी प्राची वर्मा की शादी थी। शादी का कार्यक्रम चल रहा था। तभी दिनांक 25.02.26 को रात्री कारीब 1 बजे जब चढ़ाव चढ़ रहा था तभी पुरूषोत्तम वर्मा निवासी जुडमनिया, हिमान्शु वर्मा निवासी जुडमनिया, तरूण सेन उर्फ डाक्टर निवासी उमरी रायपुर कर्चुलियान व शैलेन्द्र सेन निवासी बोदाबाग,इंद्रभान वर्मा जो नगर निगम में कार्यरत है आये और पुराने विवाद के कारण मेरे पुत्र राज नापित को मां बहन की गंदी गंदी अश्लील गालिया देते हुए लपट कर हाथ मुक्का लात घुसा से मारपीट करने लगे हल्ला गोहार सुनकर मैं तथा शुभम सिंह निवासी राजगढ एवं मोतीलाल सेन वीच बचाव के लिये गये तो पुरुषोत्तम वर्मा, हिमान्शु वर्मा, तरूण सेन, शैलेन्द्र सेन हम को भी गंदी गंदी की गालियां देते हुए मारपीट करने लगे हम लोगो द्वारा हल्ला गोहार किये जाने पर मेरा छोटा भाई सुशील कुमार सेन व सुरेन्द्र नापित एवं दिलीप सेन आये और बीच बचाव किये तब वो लोग वहां से जाते जाते बोल रहे थे कि आज तो बच गये हो दुबारा मिलोगे तो तुम लोगो को जान से खत्म कर देगें। मारपीट से मेरे दाहिने हाथ की कोहनी में, राज नापित के सीने में व सिर में पीछे तरफ, मोतीलाल सेन के बाये हाथ मे तथा शुभम सिंह के कधे में बाये तरफ चोट आयी है। फरियादी ने बताया कि हमारे बहिन के ससुर, देवर उनके नंदोई चाहते थे कि उन बच्चियों की की शादी न हो इसीलिए प्रिप्लानिंग के साथ आये और मारपीट पर उतारू हो गए, साथ ही उन्होंने तरुण उर्फ डॉक्टर पर 5000 रुपये मांगने का तथा दुल्हन की बहिन से बुआ ने 10000 रुपये छीन कर भागने का आरोप भी लगाए है। जिसकी शिकायत पर चोरहटा थाने में बीएनएस की धारा 296(ु), 115(2), 351(3),3(5) के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।

होली के रंग आजीविका के संग

# रीठी में हुआ दो दिवसीय उत्पाद मेले का आयोजन

**दैनिक रेवांचल टाईम्स, कटनी।** कलेक्टर आशीष तिवारी एवं जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर के निदेर्शानुसार तथा जिला परियोजना प्रबंधक एनआरएलएम शबाना बेगम के मार्गदर्शन में मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन जनपद पंचायत रीठी द्वारा जिले के सभी विकासखण्डों में ह्यहोली के रंग, आजीविका के संगह्ल आजीविका उत्पाद मेलों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आजीविका मिशन रीठी द्वारा ग्राम पंचायत भवन परिसर में दो दिवसीय उत्पाद मेलों का आयोजन 25 और 26 फरवरी को किया गया। महिलाओं को सक्षम एवं आत्मनिर्भर बनाने का आजीविका मिशन द्वारा विभिन्न माध्यमों से निरंतर प्रयास किया जा रहा है। जिसके लिए समूह सदस्यों को प्रशिक्षण क्षमतावर्धन कर गतिविधियों से जोड़ा जा रहा है। इस उत्पाद मेले में विकासखंड रीठी के अंतर्गत संचालित संकुल संगठनों द्वारा निर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी सह विक्रय हेतु रखा गया। जिसमें ज्योति सीएलएफ द्वारा ग्राम बडगांव से लाखचूडी धनियां एवं गोबर उत्पाद, ग्राम तिघराकलॉ से चावल एवं सरसों। इसी प्रकार महिलाशक्ति सीएलएफ द्वारा ग्राम जमुनिया (गौशाला) से गोबर की लकडी (गौकाष्ट), गोबर के अन्य उत्पाद तथा नौवापटी से जैविक उत्पाद सब्जी फल इत्यादि। वहीं दुर्गा सीएलएफ ग्राम बिलहरी से पत्थर मूर्ति, मिट्टी मूर्ति, हैंगर इत्यादि। जबकि एकता सीएलएफ रीठी के ग्राम हरद्वारा से बडी, पापड़, नमकीन, सब्जी, फल, फेलावर ज्वेलरी इत्यादि शामिल रही। मेले में शामिल सामग्री को क्रय करने स्थानीय नागरिकों का उत्साह देखने को मिला जिसमें नायब तहसीलदार, एसबीआई रीठी के शाखा प्रबंधक, फील्ड ऑफीसर, विभिन्न सरपंच, सचिव व अन्य जनप्रतिनिधि पत्रकार गण इत्यादि भी शामिल हुये। मेले में अपने समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों को विक्रय के लिये लाई महिलाओं द्वारा सहभागिता की गई। उनके उत्पादों के पश्चात मिल रही प्रशंसा से उनमें आत्म विश्वास भी बढ़ रहा है। कार्यक्रम के आयोजन में विकासखण्ड प्रबंधक राजेश पाण्डेय, सहायक विकासखण्ड प्रबंधक देवेन्द्र कुमार जैन, मथुरा प्रसाद, जानकी शरण शिवहरे, कल्लू प्रसाद यादव, पुष्पेन्द्र कुमार सेन के अतिरिक्त अचर्ना लोधी, ज्योति लोधी, उर्मिला लोधी, क्रांति तिवारी, सरिता सिंह, सीमा सिंह, ममता सिंह, आशाबाई व तरूण बाई ने विशेष रूप से सहयोग किया।

# हिन्दू धर्म परिषद के उमेश कुशवाहा बने सहसंयोजक परिषद के पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त कर दी बधाईयां



**दैनिक रेवांचल टाइम्स रीवा ।** नगर के वरिष्ठ समाज सेवी एवं धार्मिक कार्यक्रमों के लिये समर्पित धर्म प्रणेता उमेश कुशवाहा को हिन्दू धर्म परिषद के संस्थापक नारायण डिगवानी ने मार्गदर्शक डॉ. सी.बी.शुक्ला, डॉ. केकेपरौहा, डॉ. ज्योति सिंह, डॉ. राहुल मिश्रा, आजीवन संरक्षक सुरेश विश्नोई, रामकृष्ण अग्रवाल संरक्षक अवधेश श्रीवास्तव, रश्मी शुक्ला, संयोजक सुमित माँजवानी की सहमति और अनुशंसा पर पूर्व अध्यक्ष उमेश कुशवाहा को उनकी कर्मठता और धार्मिक समर्पण को देखते हुये सह संयोजक का जिम्मेदारी वाला पद सौंपा है। नये पदाधिकारियों की घोषणा का इंजी. राजेश श्रीवास्तव, डॉ. विनोद तिवारी, अवनीश शर्मा, पियूष मिश्रा, दीपक मौर्या, शिव कुमार सोंधिया, महिला अध्यक्ष ममता नरेन्द्र सिंह, संरक्षक डॉ. गीता शुक्ला गीत, कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. सरोज सोनी, युवा अध्यक्ष विकास सेन आर्यन, राकेश अग्रवाल आदि ने हर्ष व्यक्त करके अपनी बधाईयॉ प्रेषित की है।

पन्ना में 'स्वदेशी होली' की पहल

# हर्बल गुलाल और हस्तनिर्मित उत्पादों से सजेगा आजीविका उत्सव मेला

**रेवांचल टाइम्स संवाददाता उमाकांत त्रिपाठी,,पन्ना। मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन जिला पन्ना के अंतर्गत स्व सहायता समूह की दीदियों द्वारा इस वर्ष होली पर प्राकृतिक और ईको-फ्रेंडली रंगों की अनूठी पहल की गई है। कलेक्टर श्रीमती उषा परमार के मार्गदर्शन एवं जिला पंचायत सीईओ श्री उमराव सिंह मरावी के निर्देशन में समूह की महिलाएं गेंदा, गुलाब, पालक, सिंदूर और चुकंदर जैसे प्राकृतिक स्त्रोतों से हर्बल गुलाल तैयार कर रही हैं।**



**28 फरवरी से दो दिवसीय होली उत्सव मेला-** आम नागरिकों को होली से पूर्व प्राकृतिक रंग उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 28 फरवरी से 01 मार्च तक मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक परिसर में दो दिवसीय ह्लहोली उत्सव मेलाह्व आयोजित किया जा रहा है। डीपीएम श्री प्रमोद शुक्ला ने बताया कि मिशन अंतर्गत संचालित स्व सहायता समूहों द्वारा तैयार हर्बल गुलाल पूरी तरह जैविक और त्वचा के लिए सुरक्षित है। इन रंगों के उपयोग से न तो त्वचा को नुकसान होगा और न ही सांस संबंधी कोई समस्या उत्पन्न होगी। पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए यह पहल ह्लवोकल फॉर लोकलह्व को भी बढ़ावा दे रही है।

**हर्बल गुलाल के साथ पूजन सामग्री और स्वादिष्ट व्यंजन भी उपलब्ध-** मेले में हर्बल गुलाल के अलावा होली पूजन सामग्री जैसे गोबर के बल्ले, नजरबट्टू किट, गुझिया, नमकीन, आंवला उत्पाद तथा समूह की दीदियों द्वारा निर्मित उच्च गुणवत्ता के हस्तनिर्मित उत्पाद भी बिक्री के लिए उपलब्ध रहेंगे। यह आयोजन न केवल स्थानीय उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने का माध्यम है, बल्कि महिला स्व सहायता समूहों की आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है।

**एसडीएम ने किया शुभारंभ, स्वदेशी होली की अपील-**होली उत्सव मेले के आजीविका स्टॉल का शुभारंभ एसडीएम पवई समीक्षा जैन द्वारा फीता काटकर किया गया। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों एवं आमजन से अपील की कि वे स्टॉल से हर्बल गुलाल एवं अन्य सामग्री खरीदकर स्वदेशी और सुरक्षित होली का आनंद लें। प्राकृतिक रंगों और स्थानीय उत्पादों के साथ इस बार पन्ना में होली का उत्सव पर्यावरण संरक्षण और महिला सशक्तिकरण का संदेश भी देगा।

भजनों की धुन पर झूमे भक्त

# गोवर्धन पूजा एवं भगवान की बाल लीलाओं की कथा को सुनकर भक्त हुए मंत्रमुग्ध



**दैनिक रेवांचल टाईम्स, कटनी।** जिले के ग्राम धरवारा में श्री मद भागवत कथा का आयोजन हो रहा है श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन भागवत कथा की पूजा अर्चना की गई। इसके बाद कथा व्यास बाल ब्रम्हचारी संत शिरोमणि ब्रह्मानंद दास जी महाराज ने गोवर्धन पूजा के प्रसंग के दौरान कहा कि भगवान सबके अभिमान को घटाने वाले है जिस तरह से भगवान श्रीकृष्ण ने इंद्र के घमंड को चूर चूर कर दिया इंद्र के अभिमान को कम करने के लिए भगवान श्री कृष्ण ने बृजवासियों से गिरिराज की पूजा कराई और इन्द्र के प्रकोप से बचाने के लिए भगवान ने अपनी ऊंगली पर गिरिराज को धारण किया। संगीतमय कथा वाचन के दौरान पांडाल में उपस्थित सैंकडों की संख्या में श्रद्धालु भाव विभोर हो कर नृत्य करने के साथ झूमने लगे।महराज श्री ने कहा कि भगवान कृष्ण के प्रकट होने के तुरंत बाद कंस ने उनको मारने के लिए सर्वाधिक बलवान राक्षसी पूतना को भेजा पूतना वेश बदलकर भगवान श्रीकृष्ण को अपने स्तन से जहरीला दूध पिलाने का प्रयास करती है। लेकिन भगवान श्रीकृष्ण पूतना का उद्धार कर देते है । उसके बाद कार्तिक माह में ब्रजवासी भगवान इंद्र को प्रसन्न करने के लिए पूजन का कार्यक्रम करने की तैयारी करते हैं। भगवान कृष्ण द्वारा उनको भगवान इंद्र की पूजन करने से मना करते हुए गोवर्धन महाराज की पूजन करने की बात कहते हैं। इंद्र भगवान उन बातों को सुनकर क्रोधित हो जाते हैं। और अपने क्रोध से भारी वर्षा करते हैं। जिसको देखकर समस्त ब्रजवासी परेशान हो जाते हैं। भारी वर्षा को देख भगवान श्री कृष्ण गोवर्धन पर्वत को अपनी कनिष्ठा अंगुली पर उठाकर पूरे नगरवासियों को पर्वत के नीचे बुला लेते हैं। जिससे हार कर इंद्र एक सप्ताह के बाद वर्षा को बंद कर देते हैं। जिसके बाद ब्रज में भगवान श्री कृष्ण और गोवर्धन महाराज के जयकारे लगाने लगते हैं भागवत कथा में भी महराज श्री ने वेद मंत्रों के द्वारा गोवर्धन पूजा कराई भजनों के माध्यम से गोवर्धन परिक्रमा कराई कथा में बड़ी संख्या में भक्त श्रद्धालु जन मौजूद रहे।

आवेदनों पर तत्परता पूर्वक कार्यवाही करने के दिए निर्देश

# संकल्प से समाधान शिविर का जनपद पंचायत के सीईओ श्री कोरी ने किया औचक निरीक्षण

**दैनिक रेवांचल टाईम्स, ढीमरखेड़ा। कलेक्टर आशीष तिवारी एवं जिला पंचायत की सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर के निर्देश पर संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत आयोजित शिविरों में ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है।**




इसी अनुक्रम में जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा की ग्राम पंचायत कछारगांव छोटा में आयोजित संकल्प से समाधान शिविर का निरीक्षण जनपद पंचायत के सीईओ श्री यजुवेंद्र कोरी ने किया। शिविर में ग्राम पंचायत बरहटा, अतरसुमा, घाना,गूडा, इटली,कछारगांव बड़ा शामिल हुई। शिविर में विभिन्न विभागों के 379 आवेदन पत्र प्राप्त हुए जिनमें से 307 आवेदन पत्रों का मौके पर ही निराकरण किया गया। 49 आवेदन पत्र अस्वीकृत एवं 20 आवेदन पत्र लंबित रहे। जनपद पंचायत के सीईओ श्री कोरी ने लंबित आवेदन पत्रों पर तत्परता पूरक कार्यवाही करते हुए यथोचित निराकरण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। शिविर के दौरान समस्त कर्मचारी एवं ग्रामीणों को पालीथीन का उपयोग ना करने की शपथ जनाभियान परिषद के द्वारा दिलाई गई। इस दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## 2 को लगेगा शिविर

**कटनी ।** कलेक्टर श्री आशीष तिवारी के निर्देश पर संकल्प से समाधान अभियान के तहत सोमवार 2 मार्च को कटनी (एम कापोर्रेशन) में शिविर का आयोजन किया गया है। इन शिविरों में प्राप्त आवेदनों का निराकरण कर पात्रों को शासकीय योजना एवं कार्यक्रमों में लाभान्वित कराया जाएगा।

# झुकेही रैक प्वाइंट में पहुंची 550 मीट्रिक टन डीएपी

**कटनी।** कलेक्टर आशीष तिवारी के निरंतर प्रयासों से जिले में डीएपी खाद की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु शुक्रवार को 550 मीट्रिक टन डीएपी की एक रैक झुकेही रैक प्वाइंट पर आ गई है। इससे जिले में डीएपी की पर्याप्त उपलब्धता हो गई है और किसानों को जरूरत के मुताबिक पर्याप्त खाद मिल सकेगी। कलेक्टर श्री तिवारी ने अधिकारियों को खाद वितरण केन्द्रों का नियमित निरीक्षण करने, किसानों से संवाद करने और पीओएस मशीन में उर्वरक स्टॉक की उपलब्धता देखकर इसका भौतिक सत्यापन अवश्य करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने अधिकारियों को हिदायत दी है कि उर्वरक वितरण व्यवस्था पर पैनी नजर रखें ताकि किसानों को सहजता से खाद मिल सके।

ओम होम हैल्थ केयर सर्विस
हमारे पास अशक्त बुजुर्ग मरीजों की देखभाल हेतु नर्स,वार्ड वॉय,आया बाई,फिजियोथैरेपी और दवाईयॉ घर पर उपलब्ध कराए जाते हैं।
प्रो.जितेन्द्र पटैल CERVIC - 24X7 Hourse
मो. 9340721556,9753518166
पता-केनरा बैंक महाराष्ट्र हॉई स्कूल गोल बाजार जबलपुर(म.प्र.)

Manufacturer of t-shirts & lowers Mo. 9174614421, 9406763810
CHANDRAKALA TEXTILES
सभी प्रकार की टी-शर्ट ऑर्डर पर बनाई और प्रिंट की जाती हैं और स्पोर्ट्स सबलिमेसन जर्सी बनाई जाती हैं।
Address : shop no 151, jabalpur fashion design cluster market Lema garden Gohalpur jabalpur 482001

# शांति सद्भाव और भाईचारे से मनायें सभी त्यौहार

## शांति समिति की बैठक में शहर के नागरिकों से अपील





### सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त, आसामाजिक तत्वों पर बरती जायेगी सख्ती

**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** होली, ईद नवरात्र, रामनवमी और महावीर जयंती सहित आने वाले सभी त्यौहारों को शहर की गौरवशाली परंपरा के अनुसार शांति, सद्भाव और भाईचारा से मनाने की अपील शहर के नागरिकों से आज शुक्रवार को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित शांति समिति की बैठक में की गई। कलेक्टर राघवेंद्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय की मौजूदगी में संपन्न हुई इस बैठक में समिति के सदस्यों ने त्यौहारों के दौरान प्रशासनिक व्यवस्थायें सुनिश्चित करने कई महत्वपूर्ण सुझाव दिये तथा शांति और कानून व्यवस्था बनाये रखने में प्रशासन को हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। बैठक में नगर निगम के आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार, अपर कलेक्टर नाथूराम गोंड तथा शांति समिति के सदस्य सुश्री कौशल्या गोंटिया, मुकेश राठौर, प्यारे साहब, एम ए रिजवी, साबिर उस्मानी, शरण चौधरी, मो. ताहिर खान, मो. अकबर खान, शाबान मंसूरी आदि मौजूद थे। शांति समिति के सदस्यों ने बैठक में त्यौहारों के दौरान सुरक्षा, साफ-सफाई और पेयजल आपूर्ति की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने का सुझाव प्रशासन को दिया। बिजली की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग भी सदस्यों ने रखी। होली पर पानी की अतिरिक्त आपूर्ति करने की अपेक्षा की गई। इसके साथ ही धार्मिक स्थलों के आसपास सुरक्षा के पर्याप्त बंदोबस्त तथा अशांति पैदा करने की कोशिश करने वाले तत्वों के खिलाफ कठोर कार्यवाही करने की मांग रखी गई। शांति समिति के सदस्यों ने होली के त्यौहार पर स्वास्थ्य के लिये हानिकारक केमिकल युक्त रंगों के इस्तेमाल एवं पीली मिट्टी से होली खेलने पर प्रतिबंध लगाने की मांग रखी। सदस्यों ने होली की फूहड़ प्रतिमाओं की स्थापना पर रोक लगाने, त्यौहारों पर डीजे के इस्तेमाल को पूर्णतः प्रतिबन्धित करने का सुझाव भी दिया। रमजान के दौरान लगने वाले मीना बाजार में सुरक्षा की दृष्टि से महिला पुलिस की तैनाती और मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में यातायात व्यवस्था को दुरुस्त रखने की राय भी बैठक में दी गई। त्यौहारों के मद्देनजर सार्वजनिक वितरण प्रणाली के उपभोक्ताओं को समय पर खाद्यान्न का वितरण करने की बात शांति समिति के सदस्यों ने की। सदस्यों ने हाल ही में सिहोरा में पैदा हुई कानून व्यवस्था की स्थिति से निपटने तथा जिले की फिजां बिगाड़ने की कोशिशों को असफल करने प्रशासन और पुलिस द्वारा की गई कारवाई की जमकर सराहना भी की। बैठक को संबोधित करते हुये कलेक्टर राघवेंद्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने बताया कि त्यौहारों के दौरान जिले में सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किये जायेंगे तथा धार्मिक स्थलों एवं संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त बल की तैनाती की जायेगी। कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने शांति और कानून व्यवस्था बनाये रखने में समिति के सदस्यों से सहयोग की अपेक्षा करते हुये कहा कि त्यौहारों के दौरान ऐसी हर गतिविधि की सूचना पुलिस और प्रशासन को दें जिनसे सद्भाव का वातावरण खराब होने की आशंका हो। उन्होंने बताया कि त्यौहारों के दौरान शांति भंग करने वाले आसामाजिक तत्वों से पुलिस सख्ती से निपटेगी और उनके विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी।

# एमएसएमई की बैठक संपन्न



**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** भारतीय रिजर्व बैंक, भोपाल क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा 26 फरवरी को जबलपुर में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम क्षेत्र के उद्यमियों हेतु एक टाउन हॉल बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भारतीय रिजर्व बैंक की उपमहाप्रबंधक, श्रीमती अलका अजित गर्दे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। अपने संबोधन में उन्होंने देश की आर्थिक संरचना में एमएसएमई क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला तथा क्षेत्र के विकास में उद्यमियों की अपार संभावनाओं को रेखांकित किया। कार्यक्रम में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया एवं यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के वरिष्ठ अधिकारी तथा प्रमुख उद्योग संघों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। बैठक में लगभग 80 एमएसएमई उद्यमियों ने भाग लिया। प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं के समाधान हेतु उपरोक्त बैंकों द्वारा सहायता काउंटर स्थापित किए गए। साथ ही टीआरईडीएस प्लेटफॉर्म पर ऑनबोर्डिंग के लिए आरएक्सआईएल तथा द्वारा भी काउंटर लगाए गए। ट्रांसयूनियन सिबिल एवं आरएक्सआईएल द्वारा विशेष सत्र आयोजित किए गए, जिनमें क्रेडिट अनुशासन, सिबिल स्कोर में सुधार, टीआरईडीएस के लाभ तथा बिल डिस्काउंटिंग के माध्यम से एमएसएमई को समयबद्ध भुगतान सुनिश्चित करने जैसे विषयों पर जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम का समापन प्रश्नोत्तर सत्र के साथ हुआ जिसमे प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, एवं वरिष्ठ बैंक अधिकारियों ने प्रतिभागियों द्वारा उठाए गए प्रश्नों का समाधान किया। प्रतिभागियों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस टाउन हॉल से प्राप्त ज्ञान क्षेत्र के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा तथा आर्थिक विकास एवं रोजगार सृजन को बढ़ावा देगा।

# वृंदावन योजना में चयनित लौहकरी में संपन्न हुआ पंचवर्षीय कार्य योजना कार्यक्रम



**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** मुख्यमंत्री वृंदावन योजना के तहत जबलपुर जिले की जनपद पंचायत कुंडम के अंतर्गत ग्राम लौहकरी का चयन वृंदावन योजना में किया गया। इस योजना अंतर्गत आज ग्राम लोहकरी में पंचवर्षीय कार्य योजना कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक गहलोत के दिशा निर्देश में एवं एसडीएम सुश्री प्रगति गणवीर के मार्गदर्शन में आयोजित विशेष बैठक सभा ट्रांजैक्शन एवं भ्रमण आयोजित की गई। वृंदावन ग्राम के लिए जो प्रमुख चीजे होती हैं उनमें 500 पशुधन एवं 2000 जनसंख्या आवश्यक है। साथ ही जैविक कृषि पद्धति, सौर ऊर्जा का प्लांट स्थापित करना, छोटे-छोटे लघु उद्योग की स्थापना करना, निर्माण कार्य योजना भी शामिल है। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद पंचायत के अध्यक्ष श्री सुरेंद्र सिंह धुर्वे ने की। इस दौरान संबंधति अधिकारी व गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

# सदर बाजार व सिविल लाइन क्षेत्र में चाकूबाजी करने वाले चार बदमाश गिरफ्तार

**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** शहर के सदर बाजार और सिविल लाइन थाना क्षेत्र में चाकूबाजी की सनसनीखेज वारदातों को अंजाम देने वाले चार बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आम नागरिकों के बीच फैले डर को कम करने और कानून का संदेश देने के उद्देश्य से पुलिस ने चारों आरोपियों को पैदल ही जेल गेट तक ले जाकर पेश किया। इस दौरान आरोपी पूरे रास्ते ह्लपुलिस हमारी बाप हैह्व कहते हुए नजर आए। एएसपी सूर्यकांत शर्मा ने बताया कि बीते दिनों सदर बाजार क्षेत्र में तीन युवकों द्वारा एक युवती के साथ सरेराह छेड़छाड़ की गई थी। जब युवती और उसकी बहन ने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने उनके साथ धक्का-मुक्की शुरू कर दी। इसी दौरान युवती का भाई साहिल बीच-बचाव करने पहुंचा, जिस पर बदमाशों ने हमला कर दिया। आरोपियों ने साहिल को बेरहमी से घसीटा और उसके पैर पर चाकू से वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इसी तरह सिविल लाइन थाना क्षेत्र में मनोहर टी स्टॉल के पास वाहन खड़ा करने को लेकर हुए विवाद में तीनों बदमाशों ने अक्षय नामक युवक पर चाकुओं से ताबड़तोड़ हमला किया। अक्षय के साथियों विकास और अन्य ने बीच-बचाव करने की कोशिश की, लेकिन हमलावर उसे जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए थे। पुलिस जांच में दोनों वारदातों को राज बिरहा, शेखर लोधी और अभिषेक सहित चार बदमाशों द्वारा अंजाम देना पाया गया। पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और उनके खिलाफ गंभीर धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया है। पुलिस का कहना है कि शहर में कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी, ताकि आम नागरिक खुद को सुरक्षित महसूस कर सकें।

# रंगों के महासमर में शहर तैयार होली को लेकर उत्साह चरम पर

**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** रंग, उमंग और उल्लास के महापर्व होली से पहले पूरा शहर उत्सव के रंग में रंग चुका है। हर गली, हर चौक और हर बाजार में होली की तैयारियों की चहल-पहल दिखाई दे रही है। बच्चे जहां पिचकारियों और रंगों को लेकर उत्साहित हैं, वहीं युवा होली मिलन और रंगोत्सव की योजनाओं में जुटे हैं। बुजुर्ग पारंपरिक होली और सामाजिक समरसता के संदेश के साथ त्योहार मनाने की तैयारी कर रहे हैं। शहर के अलग-अलग इलाकों में होली को लेकर अपनी-अपनी परंपराएं और अंदाज सामने आ रहे हैं। कहीं पारंपरिक होलिका दहन की तैयारी है तो कहीं रस-रंग और सांस्कृतिक आयोजनों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। कई वर्षों से शहर की पहचान बन चुकी होली से जुड़ी परंपराओं को इस बार और भव्य रूप देने की कोशिशें की जा रही हैं। प्रशासन और पुलिस भी पूरी तरह सतर्क नजर आ रहे हैं। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगातार बैठकें की जा रही हैं और संवेदनशील क्षेत्रों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। शांति समितियों के माध्यम से लोगों से आपसी सौहार्द बनाए रखने और कानून का पालन करते हुए होली मनाने की अपील की जा रही है। किसी भी तरह की अव्यवस्था या हुड़दंग पर सख्ती के संकेत भी दिए गए हैं। इस बार पर्यावरण को लेकर भी जागरूकता साफ दिखाई दे रही है। सामाजिक संगठनों और व्यापारिक संस्थाओं द्वारा हरे पेड़ों की कटाई न करने और पर्यावरण-अनुकूल तरीके से होलिका दहन करने की अपील की जा रही है। कई स्थानों पर कंडों की होली जलाने का संदेश दिया जा रहा है, जिसे लोगों का समर्थन भी मिल रहा है। बाजारों में रंग-गुलाल, पिचकारियां, मुखौटे और होली से जुड़े सामानों की भरमार है। महंगाई के बावजूद खरीदारी जोरों पर है। दुकानों पर सुबह से देर रात तक भीड़ नजर आ रही है, जिससे साफ है कि लोगों का उत्साह किसी भी हाल में कम नहीं हुआ है।

# पहचान का भरोसा टूटा: महिला की मदद का फायदा उठाकर परिचित ने 135 ग्राम सोना हड़पा, अमानत में खयानत का केस दर्ज

**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** शहर के राइट टाउन क्षेत्र में भरोसे और मदद की भावना को ठेस पहुंचाने का मामला सामने आया है। यहां एक महिला से वर्षों की जान-पहचान का फायदा उठाकर एक परिचित व्यक्ति ने उसके 135 ग्राम सोने के जेवर हड़प लिए। लंबे समय तक सोना वापस न मिलने और ठगी का अहसास होने पर पीड़िता ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद आरोपी के खिलाफ अमानत में खयानत का मामला दर्ज किया गया है। मदनमहल थाना पुलिस के अनुसार, राइट टाउन स्टेडियम के पास रहने वाली सपना यादव ने लिखित शिकायत में बताया कि उसकी पहचान वर्ष 2017 से नेपियर टाउन ओमती, गुडबिल कॉम्प्लेक्स कबीर मार्ग निवासी विकास उर्फ विक्की रामनानी से थी। इसी जान-पहचान के चलते आरोपी ने उससे आर्थिक मदद मांगी। महिला ने मदद की नीयत से जनवरी 2024 में अपने 25 ग्राम सोने का मंगलसूत्र और चैन बैंक में गिरवी रखकर रुपए दिलवाए। इसके बाद आरोपी ने दोबारा जरूरत बताकर 106 ग्राम सोने का कड़ा, टाप्स और करीब 70 ग्राम पक्का सोना लिया। विकास ने महिला को भरोसा दिलाया था कि वह एक सप्ताह में पूरा सोना लौटा देगा, लेकिन एक साल बीत जाने के बाद भी उसने जेवर वापस नहीं किए। 22 फरवरी को जब सपना यादव आरोपी के घर सोना मांगने पहुंची, तो उसकी मां ने बताया कि विकास ने सारा सोना बेच दिया है। महिला जब बताए गए सराफ के यहां पहुंची, तो वहां से भी पुष्टि हो गई कि विकास ने करीब 6.7 माह पहले गिरवी रखा सोना बाद में बेच दिया था। जब इस बारे में विकास की मां को फोन पर जानकारी दी गई, तो कथित तौर पर जवाब मिला कि ह्लशांति चाहती हो तो सोना भूल जाओ, जब होगा तब आज नहीं तो दस साल बाद लौटा देगा। पीड़िता के अनुसार, उसने केवल मदद के उद्देश्य से कुल 135 ग्राम सोना दिया था, जिसे आरोपी ने बेचकर हड़प लिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए मदनमहल थाना पुलिस ने आरोपी विकास उर्फ विक्की रामनानी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 316(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि सभी तथ्यों की जांच की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। यह मामला एक बार फिर यह सवाल खड़ा करता है कि भरोसे और मदद की भावना का गलत फायदा उठाने वालों से आम नागरिक कैसे सुरक्षित रहें।

# कार में चल रहा था क्रिकेट सट्टा, खत्री ब्रदर्स की मास्टर आईडी से ऑपरेट हो रहा सिंडीकेट



**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** टी-20 क्रिकेट विश्व कप के दौरान दो सटोरिये रांझी में कार में बैठकर आनलाइन सट्टा खिला रहे थे। आरोपी दर्शन तिराहा आईसीएच के सामने निवासी अनमोल पटारिया उर्फ बीसू (29) और आदर्श मार्केट निवासी कृष्ण नामदेव (25) को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी खत्री ब्रदर्स की मास्टर आईडी लेकर एजेंटों के माध्यम से क्रिकेट सट्टा लिख रहे थे। ये जानकारी गुरुवार को पत्रकारों से बातचीत में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आयुष गुप्ता और जितेंद्र सिंह ने दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामले में मास्टर आईडी देने वाले बुकी दिलीप खत्री व संजय खत्री और पांच एजेंट को आरोपी बनाया है। फरार बुकी भाइयों और एजेंट की तलाश की जा रही है। इस दौरान रांझी नगर पुलिस अधीक्षक सतीश कुमार साहू और रांझी थाना प्रभारी उमेश गोल्हानी उपस्थित थे।

### श्रीलंका-न्यूजीलैंड के मैच पर लग रहे थे दांव

पुलिस ने बुधवार की रात को मेमोरी तिराहा सामुदायिक भवन के पास खड़ी कार क्रमांक एमपी 20 जेडीजी 0030 की तलाशी ली। कार के अंदर रांझी में रहने वाले अनमोल पटारिया और कृष्ण नामदेव सवार थे। दोनों मोबाइल चला रहे थे। जांच करने पर उनके मोबाइल फोन में ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा का एप खुला मिला। जिसमें श्रीलंका एवं न्यूजीलैंड के बीच खेले जा रहे मैच के रन एवं भाव दिखाई दे रहे थे। दूसरे मोबाइल पर वह सट्टे दांव दर्ज कर रहे थे। दोनों के पास कुल चार मोबाइल फोन और नकद 20 हजार 350 रुपये मिले। जिसे जब्त किया गया है। आरोपी पकड़े जाने से बचने के लिए कार में बैठकर सट्टा की बुकिंग करते थे। पुलिस को चकमा देने के लिए लोकेशन बदलते रहते थे।

### मैच खत्म होने के बाद नकद में लेन-देन

पुलिस पूछताछ में आरोपी अनमोल उर्फ बीसू ने दिलीप एवं संजय खत्री के संपर्क में होना स्वीकार किया है। उसने खत्री ब्रदर्स से क्रिकेट का ऑनलाइन सट्टा खिलाने के लिए दो एप की मास्टर आईडी और पासवर्ड लिया था। इसे वह अन्य एजेंटों को बांटकर क्रिकेट की सट्टा की लिखा-पढ़ी रखता था। मैच खत्म होने के बाद हिसाब-किताब कर नकद में लेन-देन करता था।

### शहर में चल रहा सटोरियों का सिंडीकेट

पकड़े गए दोनों आरोपियों ने छह एजेंट रखे थे। उनको मास्टर आईडी देकर क्रिकेट मैच के सट्टे की बुकिंग लेते थे। सटोरिये बीसू उर्फ अनमोल के साथ दबोचा गया कृष्ण नामदेव एजेंट है। उसकी तरह एजेंट अंकुश शिवहरे, विशाल सराफ, राहुल ललवानी, अंकित सोनकर एवं विवेक गुप्ता के साथ मिलकर सिंडीकेट बनाकर क्रिकेट सट्टा खिलाया जा रहा था। पूछताछ में पता चला है कि खत्री ब्रदर्स की आईडी से शहर में ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा धंधा सिंडीकेट के माध्यम से चल रहा है।


म.प्र. राज्य अधिवक्ता परिषद के आगामी चुनाव वर्ष 2026 में सदस्य पद हेतु आपकी
प्रथम वरीयता मत का आकांक्षी
गोपाल सिंह बघेल (अधिवक्ता)

म.प्र. उच्चन्यायालय जबलपुर (म.प्र.)
पता - हॉल नं 3 सीट नं 7 विधि भवन, म.प्र. उच्चन्यायालय जबलपुर (म.प्र.)
कार्यालय-निवास
कृष्णा कॉलोनी के पास राज परिसर सुहागी, जबलपुर (म.प्र.)
Mob.: 9229653295, 8989141208, 7987512717

V-eServices
CSC Service Provider
Vineet Sen 7724012477
Online Form: MP POLICE, MPPSC, UPSC, SSC, RAILWAY, BANK, COLLEGE, RTE SCHOOL, INDIAN ARMY, INDIAN NAVY, NDA, NEET
Document: जीएसटी, पासपोर्ट, ITR Returns, पैन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, समग्र आईडी, श्रमिक कार्ड, ड्राईविंग लाईसेंस, रोजगार पंजियन, उद्योग आधार, स्कॉलरशिप फार्म
E-CARD: WEDDING INVITATION, VIDEO, BANNER DESIGN, VISITING CARD, BIRTH DAY INVITATION, INAUGRATION, OTHER E-CARD
Quick Job Apply
बार कोड स्कैन कर, व्हाट्सएप चैनल से जुड़ें
सरकारी एवं प्रायवेट जॉब के नोटिफिकेशन पाने के लिए व्हाटसएप चैनल Quick Job Apply से जुड़ें। जहां आपको प्रतिदिन जॉब के नोटिफिकेशन प्राप्त होंगे।
जॉब नोटिफिकेशन और फार्म अप्लाई करने का सबसे विश्वसनीय प्लेटफार्म
व्हाट्सएप के माध्यम से घर बैठे ही फार्म भरवायें और समय बचायें।


स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, मुकेश कुमार श्रीवास द्वारा माँ रेवा पब्लिकेशन एन्ड प्रिंटर्स लक्ष्मीपुर मुस्कान प्लाजा के पीछे विवेकानंद वार्ड एम आर 4 रोड़ जबलपुर म.प्र. 482001 से मुद्रित तथा लक्ष्मीपुर मुस्कान प्लाजा के पीछे एम आर 4 रोड 21 स्वामी विवेकानंद वार्ड जबलपुर म.प्र. 482001 से प्रकाशित । संपादकः अतुल कुमार बंदेवार RNI. Reg. No MPHIN/2023/90965 (समस्त विवादों का न्यायालयीन क्षेत्र जबलपुर) Email:- revanchaljabalpur@gmail.com मोब. 7509202320, 9406771592